CMYK



खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शनिवार 7 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 217 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर सभी देशवासियों को



दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर 7 जून को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 जून 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# घर व कार ऋण होगा सस्ता@रेपो दर में कटौती

मुंबई, वार्ता

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी। इस -शेष पृष्ठ दो पर



- दरों में लगातार तीसरी बार कटौती का ऐलान
- जून पॉलिसी में 50 BPS की कटौती की घोषणा
- रेपो रेट 6 से घटकर 5.5 फीसदी पर आया

## सीआरआर में एक प्रतिशत की कटौती

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

**बैंकिंग प्रणाली में आएंगे 2.5 लाख करोड़**

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी।

## नीट-पीजी परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी।

**सुप्रीम कोर्ट ने संस्था की दलीलें सुनने के बाद अर्जी स्वीकारी**



न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस संस्था की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया था।

### ब्रिक्स देश 'जीरो टॉलरेंस' की आतंकी नीति पर सहमत, भारत को सौंपी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन श्री बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है।

### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी।

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: हमने पाक पर कयामत बरसा दी

श्रीनगर, वार्ता

**पीएम मोदी ने** शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया।

इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये हैं। पीएम मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। नार्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपये है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है।



- पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन
- अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई

# मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता

**कहा: जो अंग्रेज नहीं कर पाए, प्रधानमंत्री ने कर दिखाया, कश्मीर बाकी देश से जुड़ा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं, तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।



### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर निवासी जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है, लेकिन इतना तय है कि जीशान इस समय कनाडा पुलिस की हिरासत में है और इस गिरफ्तारी को केस में बड़ी सफलता माना जा रहा है। जीशान पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने और घटना के पीछे मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश में थीं।




# समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने दो महिलाओं को परिवार की तरह साथ रहने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं है, समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की बेंच एक महिला की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला का कहना था कि उसकी पार्टनर को परिवार वालों ने जबरन घर में कैद कर दिया है और उससे मिलने नहीं दिया जा रहा।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि महिला को जबरन उसके घर ले जाया गया और पीटा गया। उसने हमें बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने कुछ खास रस्में करने के लिए मजबूर किया ताकि वह सामान्य हो जाए। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया था। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस साल 13 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गई थीं। कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

**कहा: शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं, महिला को पार्टनर के साथ रहने की परमिशन**



### मासूम के साथ हैवानियत करने वाला दरिंदा ढेर

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ बलात्कार के आरोपी दीपक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर एक संक्षिप्त मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ऐशबाग क्षेत्र के निवासी दीपक वर्मा ने चार और पांच जून की रात एक मासूम के साथ दरिंदगी की थी जब वह अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी कि आरोपी सफेद रंग की स्कूटी से आया और चुपचाप मासूम को उठाकर ले गया। उसने मेट्रो स्टेशन के पास ही दुष्कर्म किया और बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग निकला था।

# जेटली को बताकर जेनेवा गया था: माल्या

**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया कि देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहे हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई, वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं, जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया। माल्या बोले मैं देश छोड़ने से पहले तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिला था। मैंने जेटली से कहा कि मैं जेनेवा में, एफआईए वर्ल्ड काउंसिल मीटिंग के लिए जा रहा हूं, मैं वापस आऊंगा



**कहा: पासपोर्ट रद्द हुआ, तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार**






## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल का सपना पूरा: एम वेंकैया

**नई दिल्ली।** पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू करने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क सपना पूरा हो गया है। नायडू ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक स्वागत योग्य घटनाक्रम में, पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू की हैं, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में सतही संपर्क सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और लाखों देशवासियों के लिए यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क के बचपन के सपने के पूरा होने का प्रतीक है।

### ट्रेन संपर्क स्वागत योग्य : मीरवाइज

**श्रीनगर।** हुर्रियत के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ का स्वागत किया, लेकिन यह केवल ट्रेन संपर्क है जबकि मानव संपर्क इससे अधिक महत्वपूर्ण है। राजधानी श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में आज आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मीरवाइज ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई दिलों की दूरी को कम करना चाहते हैं, जिसका जिक्र वे अक्सर अपने भाषणों में करते हैं, तो ऐसे मानवीय कदम ही असली रास्ता हैं। ट्रेन संपर्क का स्वागत है, लेकिन मानवीय संपर्क ही वास्तव में मायने रखते हैं और टिकते हैं। मीरवाइज ने सद्भावना के तौर पर ईद-उल-अजहा पर कैदियों को रिहा करने का आह्वान किया और कहा कि जम्मू कश्मीर में हजारों परिवारों के लिए ईद का त्योहार खुशी से ज्यादा दर्द लेकर आता है

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों के दौरान एक उग्रवादी संगठन के अध्यक्ष समेत आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यूपीपीके (यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक) के तीन कार्यकर्ताओं (जिनमें संगठन का अध्यक्ष भी शामिल है) को इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत घारी माखा लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। यूपीपीके के अध्यक्ष की पहचान कोंथौजम होमेश्वर के रूप में हुई है। इस दौरान दो 45 एमएम पिस्तौल, एक एम-20 पिस्तौल, बंदूक के लाइसेंस बरामद किये गए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 12 लाख केस पेंडिंग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमो का अंबार लगा है। अगर सभी 87 जज बगैर छुट्टी लिए भी सुनवाई करें, तो सभी मुक. दमों को निपटाने में 38 साल लग जाएंगे। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है जजों के खाली पड़े पद हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 160 जजों के स्वीकृत पदों के विपरीत केवल 87 जज ही काम कर रहे हैं। अब भी 73 पद खाली पड़े हैं, जिसका परिणाम है कि अभी तक 12 लाख मुकदमे पेंडिंग पड़े हैं। ऐसे में न्याय की आस लिए आने वाले आम आदमी की उम्मीदें कोर्ट की चौखट पर दम तोड़ रही हैं। मई में कुल 37,932 केस दायर हुए थे।

# अमेठी बनेगा यूपी का पहला डिजिटल अभिलेखागार जिला

**अमेठी, वार्ता**

**सभी रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित: जिलाधिकारी**

**उत्तर** प्रदेश का अमेठी जल्द ही राज्य का पहला डिजिटल रिकॉर्ड अभिलेख वाला जिला बन जाएगा जहां जिले के सभी पुराने राजस्व अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जा रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यूपी में राजस्व अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में ही मिलते है। जब राजस्व अभिलेख पुराने हो जाते है, तो कागज धीरे धीरे मृत प्राय: हो जाते है। ऐसे में अभिलेख मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला अधिकारी अमेठी संजय चौहान ने एक यूनिक तरीका अपनाया है। इसके लिए राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कर उन्हे संरक्षित करने की दिशा में काम अमेठी में चल रहा है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब सभी अभिलेखों को स्कैन कर एक विशेष सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। इससे न केवल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर इन्हें आसानी से खोजा जा सकेगा। डीएम ने एक ऐसे सॉफ्टवेयर की मदद लेने को कहा है जिससे कि संबंधित अभिलेख परिवर्तनों के अनुसार अपडेट भी होते रहे। यूपी का अमेठी डेढ़ दशक पूर्व 72वे जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। जिले के पास अभी तक अपना अभिलेखागार भी नहीं बन पाया है जिसके चलते प्राचीन अभिलेखों के लिए जनपद वासियों को पड़ोसी जनपद सुलतानपुर जाना पड़ता है।

# अमेरिका मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**एक स्वतंत्र एवं संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान: अरशद मदनी**

**नई दिल्ली।** इज़राइल और हमास के बीच तत्काल, व्यापक और स्थायी युद्ध विराम, मानवीय सहायता की तुरंत पहुंचे और गाज़ा में मूल अधिकारों की बहाली के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 में से 14 सदस्यों द्वारा गाज़ा में युद्ध-विराम और मानवी सहायता से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के बावजूद अमेरिका के वीटो पावर प्रयोग करने के कारण सुरक्षा परिषद यह प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा।

गाज़ा में फिलिस्तीनियों पर इज़राइल के क्रूर शासकों की लगातार बमबारी और अत्याचार के खिलाफ स्थायी युद्ध विराम के प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अध्यक्ष जमीअत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 14 देशों ने यह अति उत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, परन्तु अमरीका ने इसका साथ नहीं दिया। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि गाज़ा की तबाही व बरबादी में अमेरिका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वह नंबर एक भागीदार है, अथवा वह यह चाहता है कि गाज़ा को मानव मुक्त करके यहां यहूदियों को बसाया जाए, लेकिन अल्लाह ने चाहा, तो ऐसा कदापि नहीं होगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मानना है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान है। इन अकल्पनीय और खतरनाक परिस्थितियों में अमरीका और उसके राष्ट्रपति के क्रूर इज़राइल का अनु. चत समर्थन अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है। मौलाना मदनी ने गाज़ा के लड़ाकों के साहस और बहादुरी को सलाम पेश करते हुए कहा कि अमेरिका, इज़राइल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं आज भी बुरी तरह विफल हैं। इस परिदृश्य को बाकी रखने के लिए नि:संदेह गाज़ा के लगभग एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीअत उलमा-ए-हिंद फिलिस्तीन के स्वतंत्रता सेनानीयों को अपनी हार्दिक संवेदना का आश्वासन दिलाती है और उनकी आज़ादी की मांग का पूरा समर्थन करती है। दुआ है कि अल्लाह तआला फिलिस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी मदद फरमाए, ज़ालिम ताक़तों और उनके समर्थकों को नष्ट और बर्बाद करे, आमीन।

# देश में असली जनगणना नहीं कराएगी सरकार: राहुल



**राजगीर ( नालंदा )।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों को सावधान करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की राजग सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी क्योंकि जिस दिन उन्होंने ऐसा किया उसी दिन उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने जाति जनगणना के दो मॉडलों को उल्लेख करते हुए कहा कि एक मॉडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और दूसरा मॉडल तेलंगाना का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के जाति जनगणना मॉडल के तहत अधिकारी बंद कमरे में बैठकर सवाल तैयार कर रहे हैं लेकिन सवाल तैयार करने वालों में दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का एक भी व्यक्ति शामिल नहीं है। वहीं, तेलंगाना में जाति जनगणना कराने के लिए जिन लोगों ने सवाल बनाए उनमें दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक संगठन, उनके नेता, पत्रकार और बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया था।

## योगी ने सूरजकुंड कॉलोनी में बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया

# आमजन की सुविधाओं को सरकार प्रयासरत

**गोरखपुर, वार्ता**



**अच्छी व्यवस्था को सभी को करनी होगी पहल**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना लोकप्रिय सरकार का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था होना समस्या समाधान का भी मंच बनता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आज के समय में समाज के अलग-अलग तबके के लिए उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं और व्यवस्थाएं देकर उनका जीवन आसान बना सकें।

योगी शुक्रवार को सूरजकुंड कॉलोनी में बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम नगर निगम की तरफ से 4-52 करोड़ रुपये की लागत से 35500 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांग. लिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम बनाने की पहल की। 11 से 25 हजार रुपये में यदि मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मंडपम जैसा स्थल मिल जाए तो समारोह काफी आसानी, अच्छे और सस्ते में हो सकता है। इसके अलावा नगर निगम की तरफ से पांच और कल्याण मंडपम निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधायक निधि का पूरा पैसा कल्याण मंडपम के लिए दे दिया है। गोरखपुर नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य निकायों के लिए मानक बन सकती हैं। योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। हमें ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर सीएम ने पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो और साथ ही समितियों को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोघ जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया। आज गोड़धोइया को पुनर्जीवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के दोनों तरफ पौधे लगाकर हम प्रकृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं। इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण के लिए 50 करोड़ नर्सरी तैयार है। सीएम ने घोषणा की कि 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर होगा।

## यूपी में 3235 नए लंबे व छोटे पुलों का होगा निर्माण, गांव तक बढ़ेगी कन्टेविटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है, जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं, वहां फौरन काम शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा। वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है। इस योजना में नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं। इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों की दिक्कतों को देखते हुए उन इलाकों में भी नए पुल बनाए जाएंगे, ताकि गांवों और शहरों का संपर्क हर मौसम में बना रहे। खास बात यह है कि जिन इलाकों में लोग अस्थायी पुल बना लेते हैं, वहां अब पक्के और मजबूत पुल बनाए जाएंगे। इससे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को फायदा होगा।

# कोरोना मामलों की संख्या 5 हजार के पार

**नई दिल्ली, वार्ता**

**पिछले चौबीस घंटे में चार और मरीजों की मौत मृतक संख्या 55 हुई**

**देशभर** में कोरोना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5364 पहुंच गई। अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 55 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के नौ राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों सबसे अधिक है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस अवधि के दौरान चार और मरीजों की जान चली गई। पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण केरल में दो और कर्नाटक और पंजाब में एक-एक मरीज की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और मास्क का इस्तेमाल करने को कहा गया है। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1679 केरल के हैं और दिल्ली में 592 दर्ज किये गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, महाराष्ट्र में 548, कर्नाटक में 451, तमिलनाडु में 221, उत्तर प्रदेश में 205, राजस्थान में 107, हरियाणा में 78, आंध्र प्रदेश में 62, पुढुचेरी और सिक्किम में 12-12, मध्य प्रदेश में 36, झारखंड में आठ, छत्तीसगढ में 24, बिहार में 37, ओडिशा में 23, जम्मू-कश्मीर में सात, पंजाब में 21, असम में 10, गोवा में आठ, सिक्किम में 12, तेलंगाना में पांच, उत्तराखंड में तीन, चंड़ीगढ़ में दो और हिमाचल प्रदेश एक सक्रिय मामले हैं। मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कोई मामला सामने नहीं आया है।

## अर्थ व्यापार

# रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई, वार्ता**



**भारतीय** रिजर्व बैंक के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवे. दनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। इससे बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स आठ प्रतिशत फिसलकर 81,434.24 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,140.11 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 82,299.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 691.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आारक्षित निधि में भारी गिरावट आने से 30 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार, 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.95 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 584.2 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 72.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 84.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसो के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली, वार्ता**



**चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस पर पड़े रहे**

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिंगिट बढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-50 सेंट की तेजी के साथ 47-15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16484 रुपये, मूंगफली तेल 17912 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14138 रुपये, पाम ऑयल 14286 रुपये और वनस्पति तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घर व कार..** कटौती के बाद सीआरआर चार प्रतिशत से कम होकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है, इसलिए, समिति ने भी रुख को उदार से बदलकर तटस्थ करने का फैसला किया। अब से, समिति आने वाले आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी, ताकि सही विकास, मुद्रास्फीति संतुलन बनाने के लिए मौद्रिक नीति के भविष्य की दिशा तय की जा सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में एमपीसी की बैठक के बाद से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि अस्थायी टैरिफ राहत और व्यापार वार्ता के बारे में आशावाद है। हालांकि, यह भावनाओं को कमजोर करने और वैश्विक विकास की संभावनाओं को कम करने के लिए ऊंचा बना हुआ है। तदनुसार, बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वैश्विक विकास और व्यापार अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया गया है। हाल की अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, इक्विटी बाजारों में सुधार हुआ है, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल में नरमी आई है, हालांकि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। गवर्नर ने कहा कि आर्थिक गतिविधि 2025-26 में गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसे निजी खपत और निश्चित पूंजी निर्माण में वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। निरंतर ग्रामीण आर्थिक गतिविधि ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत है, जबकि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार से शहरी मांग में पुनरुद्धार का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, वित्तीय और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट में सुधार और सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के मद्देनजर निवेश गति. विधि में सुधार की उम्मीद है। व्यापार नीति अनिश्चितता माल निर्यात की संभावनाओं पर भारी पड़ रही है, जबकि ब्रिटेन के साथ एफटीए का समापन और अन्य देशों के साथ प्रगति व्यापार गति. विधि का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष पर, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वानुमान और लचीली संबद्ध गतिविधियों के कारण कृषि की संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं।

सेवा क्षेत्र से अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार तथा मौसम संबंधी अनिश्चितताओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव विकास के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6-6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6-3 प्रतिशत होगी। श्री मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित प्रमुख मुद्रास्फीति ने मार्च और अप्रैल में अपनी गिरावट जारी रखी, जिसमें हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 में लगभग छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसमें लगातार छठी मासिक गिरावट दर्ज की गई। ईंधन समूह ने अपस्फीति की स्थिति में उलटफेर देखा और मार्च और अप्रैल के दौरान सकारात्मक मुद्रास्फीति प्रिंट दर्ज किए, जो आंशिक रूप से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि को दर्शाता है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मार्च-अप्रैल के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण प्रमुख घटकों में नरमी की ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। सामान्य से अधिक मानसून की संभावना और इसकी जल्दी शुरुआत खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए शुभ संकेत है। इसे देखते हुए, मुद्रास्फीति की उम्मीदें नरमी का रुख दिखा रही हैं, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। अधिकांश अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। इन अनुकूल पूर्वानुमानों के बावजूद, हमें मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक कमोडिटी कीमतों पर उनके प्रभाव के साथ अभी भी विकसित हो रहे टैरिफ संबंधी चिंताओं पर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य मानसून को मानते हुए और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें पहली तिमाही 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# रेपो दर में कटौती से आर्थिक गति को मिलेगा बल: फिक्की

**नई दिल्ली। उद्योग** जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0-50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया और इसे साहसिक और सक्रिय कदम करार देते हुए कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा, ऋण उठाव को प्रोत्साहित करेगा और समग्र आर्थिक गति. विधियों को गति प्रदान करेगा। उन्होंने आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर के अनुमान और सौम्य मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को भी भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन का प्रमाण बताया। फिक्की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने में सफल रही है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नीति निर्णय वित्तीय प्रणाली में सहजता बढ़ाएगा और सभी क्षेत्रों विशेषकर एमएसएमई को राहत देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर से पहले पुनर्वास दे सरकारः मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दिल्ली में वर्षों से रह रहे गरीबों व मजदूरों की झुग्गियों पर बिना पुनर्वास के चल रही बुलडोज़र कार्यवाही पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे अमानवीय और अन्यायपूर्ण बताते हुए सरकार से तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग की है।

मायावती ने ट्वीट करते हुए कहा कि दिल्ली में सरकार द्वारा वर्षों से रह रहे गरीबों व मजदूरों के घरों को बिना पुनर्वास की व्यवस्था किए तोड़ा जाना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार को यदि इन जमीनों की आवश्यकता है, तो सबसे पहले इन गरीबों के लिए वैकल्पिक पुनर्वास और सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करनी चाहिए, उसके बाद ही उन्हें हटाया जाए। उन्होंने लिखा, ष्तभी इन गरीब मजदूरों के साथ न्याय होगा। यही सभी की मांग है। यह मुद्दा केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, मुंबई, भोपाल और अन्य महानगरों में भी हाल के वर्षों में इसी प्रकार की कार्यवाहियां देखने को मिली हैं, जहां बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के ही गरीबों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया। ऐसे में मायावती का यह बयान न केवल संवे. दनशीलता का परिचायक है, बल्कि एक व्यापक नीति की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। मायावती पहले भी इस मुद्दे को लेकर मुखर रही हैं। उनका कहना है कि शहरों के निर्माण में इन गरीब मजदूरों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। ये मजदूर गांवों से रोजगार की तलाश में आते हैं, वर्षों की मेहनत से जो कुछ जोड़ते हैं, उसी से अपने छोटे से आशियाने बनाते हैं। ऐसे में उन्हें बेघर कर देना न केवल अन्यायपूर्ण, बल्कि उनके जीवन और मानवाधिकारों पर भी कुठाराघात है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मानवाधिकार घोषणा-पत्र में भी स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी नागरिक को तब तक उसके निवास स्थान से नहीं हटाया जाना चाहिए जब तक कि उसके लिए समुचित पुनर्वास की व्यवस्था न हो। इस घोषणा-पत्र के अनुच्छेद और में आवास, जीवन सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन को मानवाधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। ऐसे में इस प्रकार की सरकारी कार्रवाइयां अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों का भी उल्लंघन करती हैं। सवाल यह है कि क्या सरकारें इस संवेदनशील पहलू को लेकर गंभीर हैं? क्या यह ज़रूरी नहीं कि किसी भी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से पहले मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन परिवारों को विस्थापित किया जा रहा है, उनके पास जीवन यापन का कोई वैकल्पिक आधार मौजूद हो? यह केवल झुग्गियों का सवाल नहीं है, यह उन लाखों मजदूरों की अस्मिता का प्रश्न है, जिन्होंने देश की राजधानी जैसे शहरों को खड़ा किया। मायावती का यह बयान इसी मौन अस्मिता की आवाज बनकर सामने आया है।

# हर दिन हजारों श्रद्धालु खतरे के साये में



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु मां काली धाम के दर्शन हेतु गुजरते हैं, लेकिन पुलिया की निर्माणाधीन स्थिति और कार्यदायी संस्था की लापरवाही लोगों की सुरक्षा को ताक पर रख रही है ग्रामीणों में आक्रोश, चेताया प्रशासन स्थानीय ग्रामीणों ने इस अनदेखी पर गहरी नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि न बैरिकेडिंग की गई है और न ही किसी सुरक्षात्मक उपाय को अपनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कार्य को सुरक्षा मानकों के अनुसार कराया जाए और आवश्यक चेतावनी संकेतक तुरंत लगाए जाएं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि कार्य की तत्काल निगरानी की जाए और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। साथ ही, यदि किसी की जान जाती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

# 2027 की तैयारी में जुटी सपा




## अमेठी से किया चुनावी बिगुल का आगाज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का शंखनाद कर दिया है।

जिले में संगठन को फिर से मजबूत करने के उद्देश्य से सपा के नए जिला प्रभारी अनिल सिंह श्वीरूश ने गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पधारी यादव को भी अमेठी का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष राम उदित यादव, महिला जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह, तथा जगद. ीशपुर से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विमला सरोज समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जिलों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने पार्टी के पांच स्तरीय संगठन जिला, नगर, विधानसभा, ब्लॉक और बूथ स्तर की रूपरेखा पेश की और कार्यकर्ताओं को जनता से सीधे संवाद करने का आ]वान किया।

प्रभारी ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में 8 और केंद्र में 11 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। उन्होंने गौरीगंज और अमेठी के बागी विधायकों पर विश्वासघात का आरा. ेप लगाते हुए कहा कि पार्टी ऐसे विधायकों की सदस्यता समाप्त करने की कार्यवाही कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन की मौत, पांच गंभीर

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को नेशनल हाईवे 2 पर बारात में शामिल होकर लौट रही बोलेरो गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बोलेरो सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई जबकि पांच लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं। पुलिस अधीक्षक अनूप लसह ने बताया कि कल्याणपुर थाने के ममरेजपुर गांव निवासी दिलीप लोधी की बारात थरियांव थाने के सुखपुर गांव गई थी। बारात में ममरेजपुर निवासी शिवचरण लोधी (60) अपने भाई राजेंद्र लोधी (55) और पड़ोसी गोधन लोधी (60) के अलावा परिवार के अन्य लोगों के साथ बारात में शामिल होकर घर वापस आ रहे थे कि सदर कोतवाली के सनगांव पुल के ऊपर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बोलेरो ट्रक के नीचे घुस गई और उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे में शिवचरण लोधी, राजेंद्र व पड़ोसी गोधन की मौके पर मृत्यु हो गई। घायलों में बोलेरो चालक मुनेश व उत्तम को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया है। अन्य का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### बदमाशों ने ट्रैवल एजेंट को गोली मार लैपटॉप और नकदी लूटी

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के शाहगंज कोतवाली क्षेत्र में टूरिस्ट एंड ट्रैवल की दुकान में शुक्रवार को कार सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर संचालक को पैर में गोली मारी और उसका लैपटॉप और नकदी लूट लिया। पुलिस के अनुसार बदमाश क्षेत्र के निजामपुर बाजार स्थित अरबाब टूरिस्ट एंड ट्रैवल के संचालक मोहम्मद सऊद के पैर में गोली मार कर लैपटॉप और नकदी लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सऊद को लेकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस उपाधीक्षक शाहगंज अजीत लसह चौहान में बताया कि घायल सउद को अस्पताल लाकर प्राथमिक उपचार कराया गया उसके बाद समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके बदमाशों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### बांदा में रिटायर्ड फौजी की बेटी, पत्नी ने फांसी लगाई

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय सेना के सेवानिवृत्त जवान की पत्नी व बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप लसह ने बताया कि बांदा नगर के बिजली खेड़ा मोहल्ला निवासी रिटायर्ड फौजी ननकाई प्रसाद की पत्नी हीरामणि (45) और उसकी बेटी रंजना (20) ने आज फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस व फील्ड यूनिट ने कमरे का दरवाजा तोड़कर फंदे में लटके शवों को बाहर निकाला और पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटना का कारण फिलहाल घरेलू कलह सामने आया है। क्षेत्रीय नागरिकों के मुता. बिक मृतका रिटायर्ड फौजी ननकाई प्रसाद की तीसरी धर्मपत्नी थी।

# भाजपा ने जानबूझकर छीनी अब्बास की सदस्यताः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जानबूझ कर विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता समाप्त करायी। श्री यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने अब्बास अंसारी की सदस्यता जानबूझ कर ली। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में फैसले भी जाति के आधार पर हो रहे हैं।



सरकार के बैठे लोग उनका डीएनए याद दिला रहे है। भाजपा के जिन लोगों ने डीएनए की बात की, उनकी सदस्यता क्यों नही जा रही है। इसीलिये वह कहते हैं कि संविधान को खतरा है। इस सरकार में केवल समाजवादियों की सदस्यता जा रही है। भाजपा के लोग जो अनर्गल बोल रहे है। उनकी सदस्यता क्यों नहीं जा रही है। गौरतलब है कि हेट स्पीच के एक मामले में मऊ की एक अदालत ने अब्बास अंसारी को दो साल की सजा सुनायी थी जिसके बाद नियमानुसार विधानसभा से उनकी सदस्यता रद्द कर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया था। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पेपर लीक की क्वार्टर सेंचुरी बन चुकी है। बेरोजगार नौजवानो के लिये नौकरी का विज्ञापन निकला और फिर कुछ ही मिनट में डिलीट कर दिया गया।

उन्होने कहा कि शिक्षामित्र और तमाम नौजवान जो धरने, आंदोलन पर बैठे हैं उनको न्याय समाजवादी सरकार में ही मिलेगा। आलमबाग मेट्रो स्टेशन के पास दुष्कर्म की घटना पर पूछे गए एक सवाल पर उन्होने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जिसका नारा था जीरो टॉलरेंस वही जीरो हो गया। एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि 2027 में पीडीए सरकार में ही जातीय जनगणना होगी और सही जनगणना होगी। उन्होने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट को खराब करने का काम भाजपा ने किया। यह देश का सबसे अच्छा रिवर फ्रंट था जो भाजपा सरकार के कार्यकाल में बदहाल स्थिति में है। अब सुनने में आया है कि रिवर फ्रंट के फव्वारे चोरी हो गए हैं। इस सरकार में फव्वारे चोर बैठे हैं। भारतीय जनता पार्टी को कोई अच्छा काम पसंद नहीं है, हर अच्छा काम यह खराब कर देते हैं। उन्होने एक सवाल के जवाब में कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता न केवल भाजपा को सस्पेंड करेगी बल्कि हमेशा हमेशा के लिए इन्हें विदा ही कर देगी। उन्होने कहा कि आज छत्रपति शिवाजी महाराज जी का जो हम राज्याभिषेक दिवस मना रहे हैं, यह हमें रास्ता दिखा रहा है कि किस तरह से हम पंथनिरपेक्ष होकर, सबको साथ लेकर, सबका सम्मान करके समाज और राष्ट्र को और मजबूत कर सकते हैं। श्री यादव ने आगामी पंचायत चुनाव में धांधली की आशंका व्यक्त करते हुये कहा कि भाजपा पुलिस के जरिये विपक्ष के लोगों पर दवाब बनाती है। उन पर झूठे मुकदमे लिखाओगे तो पुलिस से उम्मीद की जा सकती है कि वह सही काम करेगी। चुनाव आते आते देखिये क्या क्या होता है।

# यूपी टूरिज्म की इंटरनेशनल ब्रांडिंग की तैयारी में जुटी योगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग आगामी 26 से 28 अगस्त तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पाटा) 2025 में अपनी भव्य उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी में जुट गया है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और निवेशकों के लिए एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में पेश करेगा, जिससे प्रदेश की पर्यटन क्षमता और अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

पाटा बैंकॉक 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 36 वर्ग मीटर के शानदार स्टॉल के माध्यम से राज्य की अनूठी छटा प्रदर्शित करेगा। यहां बौद्ध सर्किट जैसे सारनाथ, कुशीनगर और श्रावस्ती, साथ ही आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थल जैसे वाराणसी, अयोध्या और महाकुम्भ को प्रमुखता दी जाएगी। स्टॉल में एलईडी वॉल स्क्रीन और ऑटो-नेविगेशन स्क्रीन पर राज्य के पर्यटन स्थलों की जीवंत छवियां प्रदर्शित की जाएंगी। पर्यटक एआर (आग्युमेटेड रियलिटी) आधारित डिजिटल टच पैनल पर उत्तर प्रदेश के छह खूबसूरत स्थलों की पृष्ठभूमि में सेल्फी भी ले सकेंगे। यहां आने वाले मेहमानों को न केवल उत्तर प्रदेश की हस्तकला और ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट) से परिचित कराया जाएगा, बल्कि प्रदेश के ऐतिहासिक मंदिर, उनकी वास्तुकला और महात्म्य का भी रचनात्मक प्रदर्शन होगा, जिससे प्रदेश की समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा की विशिष्ट झलक मिलेगी। आयोजन में न केवल यूपी की प्रदर्शनी देखने को मिलेगी बल्कि योगी सरकार की इससे आगे बढ़कर बैंकॉक में एक दिन के अंतरराष्ट्रीय रोडशो का आयोजन भी करेगी, जो पाटा आयोजन से पहले या बाद में होगा। इस शानदार रोडशो में 100 से अधिक स्टेक होल्डर्स प्रतिभाग करेंगे, जैसे ट्रैवल ट्रेडर्स, ट्रैवल मीडिया और प्रभावशाली हस्तियां भी मौजूद रहेंगी। आयोजन बैंकॉक के द वेस्टिन ग्रांड सुखमवित, बैंकॉक मारियट मार्क्विस क्वीन्स पार्क या रैडिसन ब्लू प्लाजा जैसे तारांकित होटल में होगा। यहां हाई-टी, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जो उत्तर प्रदेश के पर्यटन पैकेज और निवेश अवसरों को हाइलाइट करेंगी। यहां तस्वीरें, फिल्में और प्रचार सामग्री भी प्रदर्शित की जाएंगी। अंग्रेजी में निपुण अधिकारी और स्थानीय भाषा के दुभाषिए आगंतुकों को प्रदेश की खूबियों से रूबरू कराएंगे, जिससे वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की अपील बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर चमकाने के लिए योगी सरकार ने प्रभावी प्रचार रणनीति तैयार की है। सरकार द्वारा थाईलैंड के तीन प्रमुख टीवी और तीन रेडियो चैनलों पर 30-सेकंड की प्रचार सामग्री सुबह और शाम के पीक आवर्स में तीन दिनों तक प्रसारित होगी।

## योगी ने लगाया जनता दरबार, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में पीड़ितो की समस्यायें सुनी और उनके जल्द निराकरण का भरोसा दिलाया।

मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कुर्सी पर बैठे लोगों से एक एक कर मुलाकात की और उनकी समस्यायों को गंभीरता से सुना, साथ ही साथ अधिकारियों को समस्यायों के जल्द निराकरण के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है और उन्हे लचता करने की जरुरत नहीं है। इससे पहले मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर की दिनचर्या नियमित रही। पूजा अर्चना करने के बाद प्रातःभ्रमण के दौरान योगी ने कराटे की ट्रेनिंग लेने वाले बच्चों से मुलाकात की। बच्चों ने मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुलाब के फूल भेंट किए। मुख्यमंत्री ने उनसे आत्मीय संवाद किया और चॉकलेट भी दिया। योगी ने गोशाला में गायों को गुड़ खिलाया और उनका दुलार किया।

# पुलिस लाइंस में परेड का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** शुक्रवार को प्रत्येक सप्ताह की तरह पुलिस लाइन मैदान में परेड का आयोजन किया गया। इस साप्ताहिक परेड की सलामी एसपी अंकुर अग्रवाल ने ली। एसपी अंकुर अग्रवाल ने परेड का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया। परेड निरीक्षण के उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्द, आर्मरी, स्टोर, कैन्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक, यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर आदि सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में अर्दली रूम के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी जेटीसी/आरटीसी के परिपेक्ष्य में मूलभूत सुविधाओं/व्यवस्थापन हेतु बैरकों एवम् साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक वर्मा आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान से किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की पहलः शाही

**अब तक 8 लाख से अधिक किसान जुड़ चुके हैं, 10 हजार से अधिक कार्यक्रमों का लक्ष्य**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** किसानों को उन्नत ख्र षि प)तियों और नवीनतम तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 'विकसित ख्रषि संकल्प अभियान-2025' चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 29 मई को प्रारंभ किए गए इस अभियान के तहत अब तक 75 जिलों के 4,959 स्थानों पर वैज्ञानिक-ख्रषक संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 8 लाख 39 हजार से अधिक किसानों ने भाग लिया है। आगामी 12 जून तक यह अभियान कुल 10,125 स्थानों पर संचालित किया जाना है। इस अभियान में भारतीय ख्रषि अनुसंधान परिषद, ख्रषि विज्ञान केंद्रों, ख्रषि विश्वविद्यालयों और राज्य सरकार के ख्रषि विभागों की सक्रिय सहभागिता रही है। राज्य के ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि किसानों को दलहन, तिलहन, मूंगफली और मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती के लिए 4 लाख 58 हजार मिनीकिट वितरित करने की तैयारी की गई है। इन कार्यक्रमों में कुल 550 वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भाग लेकर किसानों को उन्नत तकनीकों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी है।

कृषि मंत्री ने खुद लखनऊ के जहांगीरपुर और गोसाईगंज, बहराइच के नानपारा तथा देवरिया के पथरदेवा और मेरठ के दबथुआ गांव में किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। एक जून को मेरठ में केंद्रीय ख्रषि मंत्री की उपस्थिति में किसानों से फीडबैक लिया गया, जबकि दो जून को हापुड़ के बनखण्डा गांव में आयोजित कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। अभियान के तहत केंद्र और राज्य सरकार की ख्रषि योजनाओं के लिए अब तक कुल 41,067.12 लाख रुपये की वित्तीय स्वीख्रति दी गई है।

इसमें राष्ट्रीय ख्रषि विकास योजना के लिए 16,290 लाख रुपये, फूड और न्यूट्रीशन सिक्योरिटी के लिए 10,276.92 लाख रुपये तथा ख्र ष्णोन्नति योजना के लिए 14,500.20 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इस प्रयास का उद्देश्य खरीफ फसलों की समय से बुवाई सुनिश्चित करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। सरकार का लक्ष्य 'एक देश, एक ख्रषि, एक टीम' की भावना के अनुरूप समन्वित कार्य प्रणाली को बढ़ावा देना है। सभी जनप्रतिनिधियों को अर्धशासकीय पत्र भेजकर अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है। यह अभियान न केवल ख्रषि तकनीक के प्रचार-प्रसार का माध्यम बन रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 27.06.2025 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 05.06.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | गति शक्ति इकाई, उत्तर रेलवे, लखनऊ की परियोजनाओं के लिये सामान्य परामर्शदाता (GC) की नियुक्ति। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 3,75,16,227.66 |
| 5. | धरोहर राशि | रू0 3,37,600.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 13.06.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.06.2025 11:30 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1674/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा प्रणाली** द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **24.06.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 06102025 dated 30.05.2025 | | |
| निविदा संख्या | 13- DEN-V-LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | वरि0 मण्डल इन्जीनियर (पंचम), लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या कैंट सेक्शन पर सफेदबाग-मल्हौर स्टेशनों के बीच किमी 1075.391 (बंद एल.सी. संख्या 182/सी) पर अतिक्रमित स्थान के बदले आरयूबी का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 13,27,51,532.38 | धरोहर राशि | ₹ 8,13,800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह | निविदा डालने का प्रारम्भ | 10.06.2025 |
| निविदा बन्द होने की तिथि | 24.06.2025 at 15:00 hrs | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1673/2025

# आठ नए वाहनो को एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में मुख्यालय 112 से प्राप्त हुए कुल 08 डायल 112 वाहनो को हरी झंडी दिखाकर 112 पुलिसटीमों के साथ जनसेवा हेतु रवाना किया गया। डायल 112 वाहनो में 1 चार पहिया वाहन (इनोवा), 7 चार पहिया वाहन(स्कार्पियो) सम्मिलित हैं।

प्राप्त वाहनों से अपनी आयु पूर्ण कर चुके डायल 112 वाहनों को रिप्लेस कर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने में अधिक सहायता मिलेगी एवम् दुर्गम क्षेत्रो में पुलिस टीम अल्प समय में अग्निशमन विभाग, एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन संबंधी सेवाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने के लिए कम से कम समय में प्रयोग किया जा सकेगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमन सिंह एवम् प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक, प्रभारी डायल 112 आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, दो लोगों की मौत एक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शुकुल बाजार अमेठी।** शुक्रवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। लखनऊ से अंबेडकरनगर की ओर जा रहा एक कंटेनर अचानक अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकरा गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।कंटेनर में चालक मोहम्मद कैफ (25 वर्ष), खलासी मोहम्मद राशिद और मोहम्मद रशीद सवार थे। हादसे की जानकारी मिलते ही पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को तत्काल सीएचसी शुकुल बाजार पहुंचाया, जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर जगदीशपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान मोहम्मद रशीद ने दम तोड़ दिया जबकि चालक मोहम्मद कैफ की मौत रास्ते में हो गई। घायल मोहम्मद राशिद का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के पीछे कंटेनर चालक को नींद आना बताया जा रहा है। विभागीय अधिकारी हीरा सिंह ने बताया कि हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित रहा, जिसे कंटेनर हटाए जाने के बाद सामान्य कर दिया गया इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतकों के परि. जनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0522-4041004

**मुख्यालयः**

मोबाइल-9720007290

RNI No. UPHIN/2009/31463

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सार्वजनिक भूमि पर चारदीवार से रोजी रोटी का संकट

## प्रदर्शन कर चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव में सार्वजनिक भूमि पर होने वाली बाउंड्री वॉल (चारदिवारी) के विरोध में रेडी पट्टी संचालको ने नगर पालिका पर प्रदर्शन कर पालिक. ाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। रेहड़ी पट्टी संचालको ने कहा सार्वजनिक भूमि पर चारदीवारी होने से उनकी रोजी रोटी पर संकट आ जायेगा। उन्होंने चारदीवारी का विरोध करते हुए मांग की है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी तरह की कोई चारदीवारी न हो।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला महादेव में सार्वजनिक भूमि पर रेडी पट्टी खोखा लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले लोग नगर पालिका कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां सार्वजनिक भूमि पर होने वाली चार दिवारी का विरोध करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह की चारदिवारी नहीं करने की मांग की। उनका कहना था कि मोहल्ला महादेव में शहर से ग्राम कमालपुर को जाने वाले रास्ते के किनारे और सार्वजनिक भूमि पर वह खोकर फल और ठेले लगाकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी सरकारी विभाग द्वारा चारदीवारी की जाएगी जिससे उनकी रोजी-रोटी छीन सकती हैं। ऐसे में परिवार के पालन पोषण का भी संकट गहरा जाएगा। रेडी पट्टी संचालकों ने ज्ञापन देकर मांग की है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह की कोई चारदिवारी ना हो। वही नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने भी रेडी पट्टी संचालकों को आश्वासन दिया है कि उनकी बात को उच्चाधिकाररियो और शाशन तक पहुंचाया जाएगा। नगर पालिका से भी इस संबंध में कोई एनओसी नहीं ली गई है। प्रदर्शन करने वालो में शीशपाल, महिपाल, नरेश सैनी, अशोक, रवि कुमार, सोनू कुमार, आमोद कुमार, लोकेश, बाबूराम, अंकित, ओमप्रकाश, धर्मवीर, कृपाल, सुरेश सैनी, अमीचंद, रविन्द्र त्यागी, चंद्रपाल, तरुण सैनी, महेंद्र, नारायण सिंह, प्रदीप, अजय कुमार, मनोज, दीपक, रूपचंद, समर्थ बंसल, रिशु गुप्ता, निशु, महिपाल, चंद्रप्रकाश, रामेन्द्र, जोगेंद्र, सोनू, धर्मवीर, प्रियांशु, बाबू खा आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने दो किसानों को पीटकर किया घायल

## रास्ते में बैठकर शराब पीने से मना करने पर भड़के

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रास्ते में बैठकर शराब पी रहे युवकों ने टोकने पर दो किसानों पर हमला कर दिया। तमंचे की बट से सिर पर किए गए वार में भाजपा नेता गंभीर घायल हो गए। मामले में एक नामजद हमलाकर समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर की है। यहां किसान संदीप चौधरी का परिवार रहता है। 5 जून की रात करीब साढ़े नौ बजे वह गांव में रहने वाले अवदेश के साथ खेत में चल रहा पानी देखकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में चकरोड पर रजबपुर का रहने वाला अजीम अपने तीन साथियों के साथ शराब पी रहा था। दो बाइक भी सड़क के बीच में खड़ी थीं। संदीप चौधरी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद तमंचे की बट से सिर पर वार कर दिया। हमले में संदीप चौधरी और अवदेश गंभीर घायल हो गए। इतना ही भागते समय आरोपियों ने तमंचा तानते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अजीम समेत उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच कर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ धरती पर प्राण वायु के वाहक, इनका संरक्षण करें



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**हसनपुर।** भारत विकास परिषद हसनपुर द्वारा विद्या मंदिर हसनपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने नीम, पीपल, कदम्ब, शमी, बड़ रुद्राक्ष आदि के 25 वृक्ष लगाए। वृक्षों का महत्व बताते हुए परिषद के प्रांतीय सह समन्वयक आदेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारा जीवन है। वृक्षों से ही हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, धीरे-धीरे पृथ्वी से वृक्ष खत्म होते जा रहे हैं, यदि हमारे द्वारा वृक्ष नहीं लगाए गए तो हमारी आने वाली पीढ़ी को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। परिषद शाखा हसनपुर के अध्यक्ष संजय गर्ग ने कहा कि पेड़ पौधे हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं। यदि हमने पेड़ पौधों का संरक्षण नहीं किया तो आने वाले समय में हमें ऑक्सीजन की भारी समस्या हो जाएगी। कार्यक्रम को महामंत्री सचिन कसाना, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल समेत दिनेश अग्रवाल, रविंद्र जिंदल, दीपक राजपूत ने संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल का स्टॉफ मौजूद रहा।

# दहेज उत्पीड़न में नामजद आरोपी अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शादी के बाद दहेज में दो लाख रूपये नकद व कार की मांग पूरी न करने पर विवाहिता के साथ मान. सिक व शारिरिक उत्पीड़न करने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया, जबकि ससुराल पक्ष के अन्य नामजदों की तलाश के लिये पुलिस जुटी हुई है। बता दें कि 03.04.2025 को शाजमा पुत्री शाहिद नि0 ग्राम हासमपुर पखरौला थाना गजरौला ने पति साहिल पुत्र इशरत उर्फ इमरान, सानिया पुत्री इशरत(ननद), जीशान पुत्र इमरान (देवर) इशरत उर्फ इमरान पुत्र नामालूम, शबाना पत्नी इशरत (सास) निवासीगण ग्राम सिहाली गोसाई थाना गजरौला जनपद अमरोहा व हाल निवासी निवासीगण मोहल्ला छेबरा थाना अमरोहा नगर व एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध दहेज में दो लाख रूपये, स्विफ्ट कार की मांग पूरी न होने पर मानसिक उत्पीड़न के साथ साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने आदि के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया था। शुक्रवार को पुलिस ने उच्चाधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान के मार्गदर्शन देवर जीशान को गिरफ्तार करके चालान किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजेश कुमार, वरिष्ठ आरक्षी शेखर मलिक व महिला कांस्टेबल सोनम शामिल रहे।

**दो लाख रूपए व कार की मांग का है आरोप**

## एक नजर

### गन्ना का भुगतान शीघ्र करें मिल



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन खालसा की एक बैठक में मोसिना बेगम को नगराध्यक्ष महिला मोर्चा गजरौला मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। नगराध्यक्ष ने कहा कि वे महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न के विरूद्ध आवाज बुलंद करेंगी। संगठन को मजबूत करेंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारा संगठन किसानों के अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाने के साथ साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति भी काम कर रहा है। इस मौके पर सत्तार, एलिसान, शमशाद मलिक, इब्राना बेगम, सबीना, शबाना, सलमा, अनम, सोफिया, सोनी, खेरुनिसा, आदि मौजूद रहे।

### ईदुल अजहा पर सफाई व्यवस्था की मांग



### मुस्लिम कमेटी ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी पदाधिकारियों ने शुक्रवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद किए जाने की मांग की।

पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष को अवगत कराया ७ जून को ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया गया। कुर्बानी 7, 8 और 9 जून तक होगी। ७ जून को शहर की ईदगाह व अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। लिहाजा, नमाज से पूर्व ईदगाह व मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई कराई जाए। पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। पशुओं के अवशेष उठाने की उचित व्यवस्था कराने संग सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित कराने के लिए कंट्रोल रूम बनाने की भी मांग की। पालिकाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि गत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष बकरीद को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये बेहतर इंतजाम किये जायेंगे। इस मौके पर हाजी खुरशीद अनवर, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, मंसूर अहमद एडवोकेट, मौहम्मद हुसैन एडवोकेट, सैयद अली इमाम रिजवी एडवोकेट, कमर नकवी, कघसिम खान, फहीम शाहनवाज, मौहम्मद यासिर अंसारी एडवोकेट, शाहरुख खघन एडवोकेट, सैयद इकराम हुसैन जैदी, जफर शाह खघन, अफसार बख्श, सरकार आलम, आलम खां आदि मौजूद रहे

# सद्गुरु की कृपा से होता है परमात्मा से मिलन



**ईर्ष्या, लोभ, क्रोध से दूर होकर ही हो सकती है भक्ति**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो रहे चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण एवं श्री राम कथा में कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ0 रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने प्रवचन सुनाते हुए कहा कि हमें अच्छी बातों का अनुसरण करना चाहिए। संतो व ज्ञानियों के सानिध्य में बैठने से हमें ईश्वर भक्ति के साथ साथ सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि काम, क्रोध, लोभ व ईर्ष्या से दूर होकर ही भक्ति की राह पर चला जा सकता है, क्योंकि भक्ति की राह पर चलना धैर्य और विश्वास का काम है। कहा कि जीवन में सद्गुरू का विशेष महत्तव है, जब तक जीवात्मा और परमात्मा के मध्य सद्गुरू नहीं आएगा तब तक हमारा परमात्मा से मिलन संभव नहीं है, इसलिए साधु, संत व सद्गुरू के सानिध्य में रहें। उन्होंने रामायण से जुड़े अनेकों प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, संयोजक चौ. वेदपाल सिंह, सहसंयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना, कमलजीत कौर, उधम सिंह आदि मौजूद रहे।

# आहट होने पर सामान छोड़कर भागे चोर

## चोरों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ट्रैक्टर ट्राली में घर का सामान भर रहे अज्ञात चोर जाग होने पर फरार हो गये। पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर के मझरा मिलक निवासी गंगादेई पत्नी नौरंग सिंह के घर पर बीती रात चोर घुस आये। घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर ट्राली में सामान को भरने लगे। आहट सुनकर महिला की आंख खुल गई। शोर मचाया तो लोग जमा हो गये तथा चोरों को पकड़ने के लिए घेरा बंदी कर ली। लेकिन चोर सामान को वहीं छोड़कर वहां से फरार हो गये। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन वह जंगल में गायब हो गये। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। गंगादेई का कहना है कि वह विधवा है तथा 8 अप्रैल को अज्ञात चोर उसके घर में बंधी भैंस को खोलकर ले गये थे। जिसका आज तक कहीं सुराग नहीं लग पाया है। महिला का सनसनी खेज आरोप है कि रात को जो लोग अवैध रूप से खनन करते हैं वही ट्रैक्टर ट्राली में घरों में चोरी कर सामान को ले जाते है। महिला ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# शिक्षकों ने बीआईओ को दी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों ने समस्याओं के समाधान की मांग की। शुक्रवार को नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी ने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान शिक्षकों ने उनसे मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की। श्री त्यागी ने भरोसा दिलाया कि उनकी जो भी जायज समस्याएं हैं उनका समाधान किया जायेगा। जबकि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद को इस दौरान विदाई भी दी गयी। इस मौके पर सतेन्द्र सिंह, हेमेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र कुमार, अनीस अहमद, जयदीप सिंह, मुरसल हुसैन, नाजिर अली, मतीन अहमद, जमशेद, शरीफ, तेजपाल सिंह, हरिराज सिंह, अमरजीत सिंह, डा. नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर भरे पानी को साफ कराया जाये



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के बाशिंदों ने सड़क पर नालियों का गंदा पानी खड़ा होने के विरोध में पालिका के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को ऑल इंडिया मजलिस मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं ने नगर के मोहल्ला लालबाग रेतिया संभल रोड पर पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि कई दिनों से लगातार नालियों का गंदा पानी निकल कर सड़क पर खड़ा है। रेतिया वाली मस्जिद में जाने वाले नमाजियो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके कपड़े खराब हो रहे हैं। राहगीरो को भी वहां से निकलने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी भी होनी है। पानी की निकासी न हुई तो गंदगी फैलेगी जिसके कारण संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा उत्पन्न हो जायेगा। उन्होंने सफाई करवाये जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में बाबा फरीद, मारूफ अंसारी, आसिफ अंसारी एडवोकेट, जुनैद कबीर, गुड्डू जफर, राशिद, इमरान सैफी, सादिक कादरी, कुर्बान सैफी, रिजवान सैफी, फुरकान सैफी, मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद थे।

# जाइर हुसैन की खिदमात को सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सैय्यद जाइर हुसैन जैदी की 15वीं बरसी पर मोहल्ला सराय कोहना स्थित जैदी हाउस में यादें जाइर शीर्षक से वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने नातिया कलाम पेश किय। शोधकर्ताओं और वक्ताओं ने सैय्यद जाइर हुसैन जैदी की शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं पर चर्चा की। इसी दौरान डा.मिस्बाह अहमद सिद्दीकी की नई किताब शाहनामा फिरदौसी का भी लोकार्पण किया गया।

रोजा अब्बास अली के सज्जादानशीन हजरत हाफिज अहमद हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित इस आध्यात्मिक समारोह में कुरान पाक की तिलावत के बाद नात पाक का सिलसिला शुरू हुआ। शायर जुबैर इब्ने सैफी, मौलाना साद अमरोहवी, हबीब अहमद सिद्दीकी, इस्लाम आलमी एडवोकेट, डा.रजा फराज आदि ने कलाम पेश किया। कारवाने खुलूस की ओर से वक्ताओं में प्रोफेसर नाशिर नकवी, डा.महताब अमरोहवी, हाजी खुर्शीद अनवर, डा.मिस्बाह अहमद सिद्दीकी, अधिवक्ता मंसूर अहमद सिद्दीकी ने सैय्यद जाइर हुसैन जैदी की सामा. जिक सेवाओं पर प्रकाश डाला और शिक्षा के प्रसार को लेकर उनके कार्यों की सराहना की।

## नमाज अदा करने जा रहे युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी अरमान पुत्र अनवर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दोपहर करीब 1.30 बजे में मस्जिद में से नमाज अदा करके निकल रहा था तथा गांव निवासी दंबगों ने मुझे हाथो में लाठी-डन्डों व लोहे की राड लेकर अपने ही घर के सामने रोककर मारा पीटा है और मेरी नाक पर ईंट मारकर चोटिल कर दिया और मेरे शरीर में काफी गुम एवं खुली चोटे आई है। में उपरोक्त मुल्जिमान झगडाले किस्म के व्यक्ति है आए दिन किसी ना किसी से झगडा करते रहते हैं। पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है इस मामले में थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ईदगाह पर सात बजे होगी नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ईदुल अजहा की नमाज ईदगाह पर सुबह सात बजे अदा की जायेगी। शहर इमाम ने लोगों से समय से पूर्व ईदगाह पहुं. चने की अपील की तथा सड़कों पर नमाज अदा न करने का आह्वान किया

# दहेज न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

## पति समेत सात ससुरालियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवाि. हता को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की। विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला मोती नगर में महेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी प्रिया उर्फ शनि की शादी बुलंदशहर जनपद के मदनपुर गांव निवासी सिंधु के साथ की थी। उसी दिन उसकी बहन हनी की शादी की सिंधु के भाई प्रशांत के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी बहन हनी का भी व्यवहार बदल गया। प्रिया की बहन हनी, सास प्रकाशो देवी, जेठ प्रशांत, पति सिंधु दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। प्रिया की ननद नीलम, सोनम और मीनू भी ससुराल में आकर परिजनों को भड़काती थी। विरोध करने पर मारपीट करते थे। दहेज में 10 लाख रुपये की मांग करते हैं। कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं सुधरा। 6 अक्तूबर 2021 को ससुराल वालों ने प्रिया के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर रहती है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में हनी, प्रकाशो देवी, प्रशांत, सिंधु, मीनू, सोनू और नेहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हादसों को दावत दे रहा विद्युत पोल, प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दढ़ियाल में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। बिजली का खम्भा जमीन में गड़ा हुआ है। और यह जमीन के बराबर से टुटा हुआ है। किसी समय भी गिर सकता है और कोई बड़ा हादसा हो सकता है। किसी की भी जान ले सकता है। जानक. ारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि अनेक बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन बिजली विभाग के द्वारा कोई भी सुनवाई अभी तक नहीं हुई है।ग्रामीण श्यौराज ने बताया कि यह विद्युत पोल लगभग 15 दिनों से टुटा हुआ है। कई बार रहरा बिजली जेई से शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई बिजली विभाग द्वारा इस मामले मे कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने हाथ उठाकर जोरदार प्रदर्शन किया है। इस मौके पर शरीफ, दिलशाद,शदीक, सुरेन्द्र सिंह, श्यौराज, बुद्ध पाल,भूदेव शर्मा, आशादेवी, सुखाराम, विमलेश देवी, प्रेमवती आदि लोग मौजूद रहे।

# जलकल कर्मी को टेलर ने रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत

## दुखहरण नाथ मंदिर के सामने हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोण्डा।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दुखः हरण नाथ मंदिर के पास गुरुवार की देर रात ट्रेलर की टक्कर से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक जलकल विभाग गोण्डा में कर्मचारी था।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली क्षेत्र के इन्द्रापुर निवासी महताब आलम अपने घर से खाना खा कर बाइक से नाइट डयूटी के लिए गुरु नानक चौराहे पर स्थित जलकल विभाग जा रहे थे। जैसे ही वे 11 बजे के करीब दुखहरण नाथ मंदिर के पास पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और महताब आलम को रौंदता हुआ निकल गया। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई है घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है। पीड़ित भाई नूर आलम के तहरीर पर अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके नगर कोतवाली पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतक जलकर कर्मचारी महताब आलम के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए नगर कोतवाली पुलिस ने भेज दिया है। मृतक महताब आलम के भाई नूर आलम ने बताया कि मेरे भाई जलकल विभाग में काफी दिनों से काम करते हैं। घर पर देर रात खाना खाने के लिए आए हुए थे खाना खाकर के जा रहे थे। जहां रास्ते में ट्रेलर चालक ने जानबूझकर मेरे भाई के ऊपर चढ़ा दिया जिससे उनकी मौत हो गई है। ट्रेलर चालक पीछे से चढ़ते हुए ट्रेलर लेकर भाग जैसे गोंडा जिला अस्पताल के पास लोगों ने जब घेरा तो ट्रेलर को छोड़कर के ड्राइवर फरार हो गया है। वहीं पूरे मामले को लेकर की नगर कोतवाल विवेक कुमार त्रिवेदी ने बताया कि अज्ञात ट्रेलर चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

## करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

गोण्डा। जिले के इटियाथोक थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में शादी समारोह में सजावट का कार्य कर रहे युवक की करंट के चपेट में आ गया।जिसे इलाज के लिये आनन-फानन में एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया तथा मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना इटियाथोक थानाक्षेत्र हरैया झूमन गांव की है, जहां पुरवा गांव के रहने वाले सत्ताइस वर्षीय शिवा बाबू मिश्रा के यहां सीढ़ी पर चढ़कर टेंट में सजावट कर रहा था ,इस दौरान वह करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया।जिसे आनन-फानन में एक स्थानीय प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि,शिवा कश्यप टेंट हाउस पर काम करता था। गुरुवार शाम को वह हरैया झूमन गांव में टेंट लगाने गया था।जहां यह ह शिवा की मौत की खबर से उसके परिजनो में कोहराम मच गया।

# अवैध असलहे के साथ दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी करके चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने तंबौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नरियन टोला निवासी साहबे आलम उर्फ अजय पुत्र गुड्डू उर्फ जमील को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ लहरपुर कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी शातिर अपराधी है।

जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र रखने, गैंगेस्टर आदि जैसे अपराधों के संबंध में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। थाना खैराबाद पुलिस ने अवैध तमंचा और कारतूस के साथ अजय पुत्र नरेश निवासी ग्राम मुला. हिमपुर थाना खैराबाद को गिरफ्तार किया है।

# बाढ़ त्रासदी के संभावित प्रभावी क्षेत्रों का दौरा कर अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** तहसील महमूदाबाद अंतर्गत संभावित बाढ़ क्षेत्रों का जिलाधकारी अभिषेक आनन्द ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में जिलाधिकारी के साथ क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम अखरी स्थित घाघरा नदी के तटबंध पर निर्माणाधीन तीन स्परों की परियोजना का बारीकी से अवलो. कन किया।

उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अभियंताओं को यह निर्देशित किया कि मानसून आगमन से पूर्व, अर्थात 15 जून 2025 तक समस्त कार्य मानक गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण कर लिए जाएं। अधिशाषी अभियंता विशाल पोरवाल द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस परियोजना के सम्पन्न होने पर लगभग 20 गांवों को बाढ़ की विभीषिका से सुरक्षा मिलेगी, जो जन-जीवन के लिए अत्यंत राहतकारी सिद्ध होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटवर्ती ग्राम बगस्ती में निर्माणाधीन स्पर कार्य का भी जायज़ा लिया तथा सिचाई विभाग को अतिरिक्त श्रमिकों की तैनाती कर निर्धारित समयसीमा में परियोजना को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उक्त परियोजना के पूर्ण होने से अतिरिक्त 15 गांव लाभान्वित होंगे। जिलाधिकारी ने अधिका. रियों से प्रत्येक स्पर की भौगोलिक दूरी, कटान की दिशा, नदी प्रवाह की तीव्रता तथा संरचनात्मक मजबूती की तकनीकी जानकारी लेकर यह सुनिश्चित किया कि गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता न हो।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तारजाली के माध्यम से पत्थरों को सही तकनीक से बांधा जाए तथा जाली लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी मजबूती से की जाए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने ग्रामवासियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। वहीं विधायक श्री ज्ञान तिवारी ने यह बात रेखांकि. कत की कि आज प्रशासन, विशेषकर जिलाधिकारी, संभावित संकट से पहले ही जनता के बीच उपस्थित हैं, जो प्रशासन की संवे. दनशीलता और कार्यकुशलता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में जब बाढ़ आती थी, तब अधिकारी आते थे( परंतु आज पूर्वानुमान के आधार पर तैयारी सुनिश्चित की जा रही है, यह बदलाव प्रशासन की इच्छाशक्ति और समर्पण को दर्शाता है।

बाढ़ चौपाल के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बाल ख्रष्ण सिंह ने राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर, खाद्यान्न वितरण, क्लोरीन की गोलियां, सोलर लाइट्स, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव, पशु एवं मानव टीकाकरण, नालियों की सफाई, फॉगिंग मशीन की उपलब्धता एवं स्वच्छ पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही विद्युत विभाग को भी सक्रिय कर दिया गया है, जिससे लटके तारों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त पोलों का परिवर्तन तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# पंजाब में मजदूरी कर रहे व्यक्ति के मकान पर दबंगों का कब्जा, तहसीलदार ने लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी गौरीगंज।** बेहटा गांव में मकान पर अवैध कब्जे का एक गंभीर मामला सामने आया है। पंजाब में मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले विजय मिश्रा के पैतृक मकान पर गांव के ही दो युवकों ने कब्जा कर लिया है।

पीड़ित विजय मिश्रा ने बताया कि बीते 3 मई 2025 को विकास मिश्रा और अमन मिश्रा ने उनके घर का ताला तोड़कर जबरन प्रवेश किया और घर में रखे सोने-चांदी व पीतल के सामान की चोरी कर ली इसके बाद आरोपियों ने मकान पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया। विजय मिश्रा ने जब स्थानीय मुंशीगंज थाना में शिकायत की तो पुलिस ने एफआईआरदर्ज करने के बजाय उन्हें बार-बार थाने बुलाकर सुलह समझौते का दबाव बनाया मामला जब स्थानीय मीडिया में उजागर हुआ, तो गौरीगंज के तहसीलदार सूरज प्रताप ने स्वयं संज्ञान लिया और मुंशीगंज थाने के प्रभारी



शिवाकांत को एफआईआर दर्ज करने और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। विजय मिश्रा ने प्रशासन से जल्द न्याय दिलाने और मकान को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

# किराने की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक किराना की दुकान में भीषण आग लगने से सारा सामान व नगदी जलकर राख हो गया। तकरीबन दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

तब तक दुकान में रखा 12 लाख रूपए के लगभग सामान व दो लाख नगद जलकर राख हो गया। घर में खाने तक का कोई सामान नहीं बचा। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अजय लसह ने बताया कि उमिला गांव के बरई पुरवा में गुरुवार की देर रात एक किराना की दुकान में लगी भयंकर आग से लाखों का नुकसान हुआ है। दमकल की गाड़ी के गांव पहुंचने पर घटनास्थल तक रास्ता न होने के कारण मौके पर नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। उन्होंने बताया कि गांव निवासी राजकुमार पुत्र चेतन अपने घर में ही किराना स्टोर की दुकान करते हैं। रोज की तरह दुकान बंद कर गर्मी अधिक होने से छत पर चले गए।

राजकुमार की भाभी तबीयत खराब होने से नीचे सोई थीं। रात करीब 11 बजे कमरे में जलने की बदबू से नींद खुली तो छत पर सो रहे परिजन आनन फानन में छत से नीचे आए लेकिन दुकान के अंदर आग इतनी भयंकर थी कि दुकान के साथ-साथ पूरे घर के हिस्से को भी चपेट में ले लिया। आग से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। भीषण आग से घर का सामान जल रहा था। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। कुछ समय बाद पहुंचा फायर ब्रिगेड जल रहे मकान तक नहीं पहुंच पाया तो उन्होंने ग्रामीणों को आवाज लगाई। आग मकान के अन्दर तक फैल चुकी थी। जिसे बुझाने के लिए घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकान और घरेलू सामान जलकर राख हो चुके थे। यहां तक कि आग से घर में खाने तक का कोई सामान नहीं बचा।

# महिला वैज्ञानिक सरोज चंद्रशेखर मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में जैव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिला वैज्ञानिकों को सरोज चंद्रशेखर मेमो. रियल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रख्यात वैज्ञानिक प्रोफेसर सरोज चंद्रशेखर की स्मृति में प्रदान किया जाता है, जिन्होंने तपेदिक (टीबी) पर महत्वपूर्ण अनुसंधान कर चिकित्सा विज्ञान में उल्लेखनीय योगदान दिया। प्रोफेसर चंद्रशेखर ने बॉम्बे विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी तथा 1950 में इंपीरियल कॉलेज, लंदन से बैक्टीरियोलॉजी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, साथ ही अमेरिका के जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में भी अध्यापन किया। सम्मान समारोह में एम्स, नई दिल्ली की प्रोफेसर सुजाता शर्मा तथा आईआईटी कानपुर की डॉ- नगमा परवीन ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। दोनों वैज्ञानिकों ने अपने शोध कार्यों की प्रस्तुति दी एवं विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रोफेसर शर्मा संरचनात्मक जीवविज्ञान की विशेषज्ञ हैं, जबकि डॉ- परवीन वायरस से संबंधित अनुसंधान कार्यों में संलग्न हैं। समारोह में तीन युवा महिला शोधकर्ताओं को भी उनके पीएचडी अनुसंधान कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें योगिता कपूर, सीएसआईआर-सीसीएमबी, हैदराबाद से, को तपेदिक से संबंधित बैक्टीरिया की वृद्धि एवं विभाजन पर शोध के लिए, हर्षा रानी, इंस्टीट्यूट ऑफ बायोइन्फॉर्मेटिक्स एंड एप्लाइड बायोटेक्नोलॉजी, मणिपाल से, को कोलोरेक्टल कैंसर में च53 जीन की भूमिका पर अध्ययन के लिए तथा अंतिमा अंकिता मेनन, आईआईटी पालक्कड़ से, को औषधि व बायोमार्कर की पहचान हेतु बायोसेंसर विकसित करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

# कालपी में डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कालपी कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार स्वास्थ्यकर्मी की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मी अभिषेक दीक्षित (30) अपनी ड्यूटी के लिए बाइक से कदौरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे कि जोल्हुपुर-हमीरपुर स्टेट हाईवे के बरखेड़ा के पास गलत दिशा से आ रहे एक बालू से भरे तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कालपी के गणेशगंज मोहल्ला निवासी अभिषेक की मौत हो गयी। मृतक कदौरा पीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करता था।

# चित्रकूट में ट्रैक्टर की टक्कर से मिस्त्री की मौत

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के थाना पहाड़ी अंतर्गत शुक्रवार दोपहर पोखरी तालाब के पास ट्रैक्टर की टक्कर से हैंडपंप मिस्त्री रामआसरे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ी थाना क्षेत्र के जरिहा गांव निवासी रामआसरे (55) बाबूपुर से पहाड़ी की तरफ रिश्तेदारी में पैदल जा रहा था कि तभी कर्वी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मौके पर रामआसरे की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पहाड़ी कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी ने मौके पर पहुंच कर गंभीर रूप घायल व्यक्ति को अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक परिवार में कमाने वाला इकलौता व्यक्ति था।

# बारात से लौटते समय सड़क हादसे में युवक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**गौरीगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भटगांव भीट के पास शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक हिमांशु सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिमांशु सिंह पनियर पावर हाउस के निवासी हैं और किसी बारात से लौटकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वे भटगांव भीट के पास पहुंचे, तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने साइड से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हिमांशु सड़क पर गिरकर घायल हो गए स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल हिमांशु को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार हिमांशु के हाथ में चोट आई है, हालांकि उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही पर चिंता जताई है और प्रशासन से दुर्घटना संभावित इलाकों में सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चित्रकूट में ट्रक-ट्रैक्टर में भिड़ंत, 30 घायल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के पहाड़ी थाना अंतर्गत कुचारम मोड़ के पास ट्रक की ट्रैक्टर ट्राली से हुई भिड़ंत में उसमें बैठे 30 लोग घायल हो गए हैं जिसमें पांच की हालत लचताजनक बताई गई है। सभी लोग एक पारिवा. रिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि परसौजा गांव का एक परिवार अपने रिश्तेदारों को लेकर पहाड़ी थाना क्षेत्र के कलवारा खुर्द गांव में कार्यक्रम में गया हुआ था। आज दोपहर लगभग 2 बजें सभी लोग दहिनवारा कार्यक्रम निपटा कर परसौजा गांव जा रहे थे कि कुचारम मोड मे पहाड़ी की तरफ तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने टैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रॉली का संतुलन बिगड़ जाने से ट्रैक्टर रोड के किनारे लगभग पांच फ़ीट नीचे जाकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्राली में बैठे तीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही पहाड़ी कोतवाल पंकज तिवारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लाए जहां डाक्टरों ने गंभीर रूप से सभी घायलों को ज़िला अस्पताल रिफर कर दिया है।

# निर्माणाधीन पुलिया बनी हादसे का न्यौता

**अमेठी।** संग्रामपुर रोड पर स्थित निर्माणाधीन पुलिया किसी बड़े हादसे की ओर इशारा कर रही है। शक्ति पीठ मां काली धाम को जोड़ने वाले इस मुख्य मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य लापरवाही और सुरक्षा मानकों की खुली धज्जियां उड़ाता नजर आ रहा है। जहां एक ओर पुलिया के दोनों ओर साइड लेंथ बनाई गई है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज तिलोई के परिसर में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया जिसमें आम , नीम, जामुन, बरगद, पीपल, अमरूद, आदि वृक्षों को रो. पित किया गया,

इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर महावीर रामा के साथ लोकनिर्माण विभाग अयोध्या के एई एस0 के0 त्रिपाठी के साथ अन्य वर्करों व श्रमिको ने भी विश्व पर्यावरण दिवस पेड़ लगाए।

उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधों को लगाएं और उनकी उचित देखभाल भी करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है जीवन




को सुरक्षित रखने के लिए हम सब अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल भी करें। इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राज मनी पांडेय, सुनील विश्वकर्मा, जीत बहादुर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों को आधुनिक खेती के प्रति जागरूक कर रहा है विकसित कृषि संकल्प अभियानः शाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को कहा कि 29 मई से 12 जून तक चलाये जा रहे विक. सित कृषि संकल्प अभियान-2025 के तहत किसानों को खरीफ फसलों के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

लोकभवन में आयोजित प्रेस कांफेंस में श्री शाही ने कहा कि यह अभियान भारत सरकार की पहल पर शुरू किया गया है और इसका संचालन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि विश्व. विद्यालयों, तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, रेशम एवं जलशक्ति विभागों के सहयोग से हो रहा है।

उन्होने बताया कि अभियान के तहत 550 कृषि वैज्ञानिक और विषय विशेषज्ञ किसानों को उनके क्षेत्र, मिटी, मौसम और फसल के अनुसार प्रशिक्षित कर रहे हैं। यह लैब-टू-लैंड मॉडल को जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास है। खरीफ 2025 की बुवाई को समय से सुनिश्चित करने और उन्नत बीजों की उपलब्धता के लिए राज्य सरकार ने चार लाख 58 हजार निष्शुल्क मिनीकिट वितरित करने की योजना बनाई है, जिनमें दलहन (उर्द, मूंग, अरहर) के अलावा तिल,मूंगफली ,मोटे अनाज (सांवा, कोदो, ज्वार, बाजरा, रागी) शामिल हैं। राज्य सरकार ने इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कुल 410 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

कृषि मंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सां. सदों, विधायकों और जिला पंचायत अध्यक्षों को अर्धशासकीय पत्र भेजकर सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया और कहा कि 'एक देश, एक कृषि, एक टीम' की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से यह अभियान प्रदेश में कृषि के भविष्य की दिशा तय कर रहा है।

# नहरें सूखी ,धान नर्सरी की बुआई पर संकट किसानों की उम्मीदें बारिश पर टिकीं

**शुकुलबाजार अमेठी।** जनपद के शुक्ल बाजार क्षेत्र में इस समय धान नर्सरी की बुवाई का पीक समय चल रहा है, लेकिन नहरों में पानी न होने से किसान बेहद परेशान हैं। क्षेत्र के गेरावा, रोहना, जगदीशवापुर, किश्ती नगर और महमदपुर जैसे दर्जनों गांवों से होकर गुजरने वाली नहरें पूरी तरह से सूखी पड़ी हैं। इन नहरों में टेल तक एक बूंद पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है किसानों की निर्भरता पूरी तरह से इन्हीं नहरों पर है। लेकिन इस समय नहरों का सूख जाना किसानों की चिंता को और गहरा कर रहा है। खेती-किसानी के लिहाज से यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि खरीफ फसल की बुआई की तैयारी जोरों पर होती है, लेकिन सिंचाई न होने से खेत खाली पड़े हैं गांवों के किसान चिर्ला. चलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच खेतों में हल तो चला रहे हैं, लेकिन पानी न होने से धान की नर्सरी डालना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में खेती की पूरी प्रक्रिया ठप पड़ी है। कई किसान बताते हैं कि वे सिंचाई के लिए केवल बरसात का ही इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अगर समय पर वर्षा नहीं हुई,

तो खरीफ फसल पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है किसानों ने प्रशासन से नहरों में पानी छोड़ने की मांग की है ताकि खेती के इस संवे. दनशील समय में उन्हें राहत मिल सके अगर समय रहते पानी नहीं मिला, तो साल भर की मेहनत पर पानी फिर सकता है ऐसा कहना है गेरावा गांव के एक किसान रामदीन का। सिंचाई संकट के इस दौर में किसानों की नजरें अब सिर्फ मानसून पर टिकी हैं। यदि जल्द ही नहरों में पानी न छोड़ा गया तो खरीफ सीजन में उत्पादन पर गंभीर असर पड़ना तय है। जरूरत है कि प्रशासन इस ओर त्वरित कदम उठाए और किसानों को समय रहते राहत प्रदान करे।

# समृद्ध धान नेटवर्क' के माध्यम से जलवायु अनुकूल खेती की दिशा में उत्तर प्रदेश की बड़ी पहल

**लखनऊ में आयोजित पहली बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव रविंद्र कुमार सहित प्रतिनिधि हुए शामिल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने धान की खेती में टिकाऊ, जलवायु-संवेदनशील और संसाधन-कुशल तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'समृद्ध धान नेटवर्क' (एस.डी.एन.) का औपचारिक शुभारंभ किया। यह बहु-हितधारक मंच 'डायरेक्ट सीडेड राइस' (डी.एस.आर.) तकनीक को बढ़ावा देने और किसानों को नवीन ख्रषि समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गठित किया गया है। इस अवसर पर ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा, हहम किसानों को ऐसी टिकाऊ तकनीकों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पानी की बचत करें, लागत घटाएं और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार हों।

डी.एस.आर. तकनीक यदि बिना उपज घटाए लाभ पहुंचा सकती है, तो इसे व्यापक स्तर पर अपनाया जाना चाहिए। राज्य कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा, हडीङ्कएसङ्कआरङ्क तकनीक जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और श्रम की कमी जैसी समस्याओं के लिए एक व्यवहारिक समाधान है। ख्रषि विभाग को चाहिए कि वह इससे जुड़ी मशीनों पर सब्सिडी प्राथमिकता से उपलब्ध कराए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख सचिव (कृषि) रविंद्र कुमार ने कहा कि समृद्ध धान नेटवर्क (एस.डी.एन.) ऐसा मंच बनेगा जो आंकड़ों की निगरानी, सहयोग और समन्वय को सशक्त बनाएगा। पूरे प्रदेश में डी.एस.आर. की उपयुक्तता का नक्शा तैयार किया जाए, और कृषि विज्ञान केन्द्रों (के.वी.के.) के सहयोग से परीक्षण कार्य किया जाए।

इस बैठक में कृषि निदेशक और एस.डी.एन. के सदस्य सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि, हहमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में राज्य के बीस लाख हेक्टेयर क्षेत्र में डी.एस.आर. तकनीक को अपनाया जाए। बैठक में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और कोका-कोला फाउंडेशन जैसे साझेदारों की भागीदारी रही। 'उत्तर प्रदेश एक्सीलरेटर कार्यक्रम' के अंतर्गत इन संस्थाओं ने डी.एस.आर. को लेकर तकनीकी और रणनीतिक सहयोग दिया है।

आई.एस.ए.आर.सी. (इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीटड्ूट - दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केन्द्र) के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने कहा, हहम एस.डी.एन. और एक्सीलरेटर कार्यक्रम के साथ मिलकर वैज्ञानिक शोध और फील्ड प्रशिक्षण के माध्यम से टिकाऊ धान प्रणाली को आगे बढ़ाएंगे।

# धनौरा में बना जिले का पहला प्रधानमंत्री मॉडल आवास

## ब्लाक प्रमुख ने किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। पीएम आवास योजना के तहत बनाए जाने वाले मकानों की डिजाइन कैसी होती है, कितनी जमीन पर इसे बना सकते हैं और किस तरह का सामान इनमें लगा सकते हैं, जैसी जानकारी अब विकास खंड कार्यालय में ही मिल सकेगी। इसके लिए विकास खंड परिसर में करीब तीन लाख रुपए खर्च कर पीएम आवास का मॉडल मकान बनाया जाएगा। खास बात यह कि इस आवास के निर्माण के दौरान मिस्त्रियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा और खंड विकास अधिकारी नरेन्द्र गंग. वार ने फीता काटकर मॉडल आवास का लोकार्पण किया।

ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा ने कहा मॉडल हाउस के माध्यम से न सिर्फ लाभार्थियों को आवास की डिजाइन और मानक के बारे में जानकारी देने के साथ ही साथ बल्कि निर्माण की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाएगी। गांव के प्रत्येक पात्र आवास लाभार्थियों को इसी तरह का आवास बनाना है। मॉडल आवास बनने के बाद सभी लाभार्थी इसे देखकर इसी का प्रतिरूप आवास बनाएंगे इसके लिए प्रत्येक लाभार्थी को सरकार द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपये कई किस्तों में दिया जाएगा। बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने बताया प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का यह मॉडल मकान बनाया गया हैं। पीएम आवास योजना में बनने वाले मकान की डिजाइन को लेकर ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति रहती है, ऐसे में मॉडल के रूप में यह मकान बनाया गया है सभी लाभार्थियों को दिखाया जा सकेगा। साथ ही आदर्श रूप में इस मॉडल में कम से कम कीमत में क्या सामग्री लगाई जा सकती है, वह भी लाभार्थी देख सकेंगे। इस अवसर पर एडीओ आइएसबी मनोज कुमार, एडीओ पंचायत रामचन्द्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण मनोज कुमार, एडीओ विकास कुमार, पंचायत सचिव रामगोपाल, यशवीर खटाना, धर्मेन्द्र प्रधान, कमल सिंह, रहीश मंसूरी, लोकेंद्र चौधरी, अलीमुद्दीन सैफी आदि मौजूद रहे

## केबिल बदलने के कारण कई घंटे गुल रही बत्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। इंदिरा चौक पर बिजली का केबिल बदलने को लेकर दिन भर टाउन फर्स्ट में बिजली कटौती बनी रही। जिसकी वजह से मोहल्ला अतरपुरा, कविनगर, विजयनगर, शुक्लपुरी सहित कई क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित रही।

शुक्रवार की दोपहर में इंदिरा चौक टाउन फर्स्ट में बिजली का केबिल बदलने का काम किया गया। करीब तीन से चार घंटे तक चले इस कार्य की वजह से संबधित क्षेत्रों की बिजली गुल रही। उधर शाम को भी बिजली आपूर्ति शेड्यूल के हिसाब से नहीं मिली। एसडीओ चंद्रेश विश्वकर्मा ने बताया कि बिजली का केबिल बदलने की वजह से दिन में आपूर्ति बाधित रही थी, बाद में ठीक आपूर्ति मिली।

# वासुदेव तालाब में डूबकर किशोर की मौत

## नानी के पास रहता था, बीते दिन हुआ था लापता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नाना-नानी के पास रह रहे किशोर की तालाब में डूब कर मौत हो गई। उसका शव पानी में उतराता मिला। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के श्री वासुदेव तीर्थ परिसर स्थित तालाब की है। मुहल्ला किशनगढ़ में भागचंद का परिवार रहता है। पेशे से फूल-पत्ती बेचने वाले भागचंद के परिवार में पत्नी फुलिया हैं। उन्होंने अपनी बेटी की शादी बिहार निवासी शेरु के साथ की थी। शेरू व उनकी बेटी की मौत होने के बाद इकलौता बेटा कोहीनूर यहां नाना-नानी के पास रहता था। किराए के मकान में रहने वाले भागचंद व फुलिया का कहना है कि उनका नाती गुरुवार दोपहर घर से बाहर गया था। परंतु वापस नहीं लौटा। काफी तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब शुक्रवार सुबह जब लोग वासुदेव तीर्थ पर घूमने गए तो उन्होंने एक किशोर का शव तालाब में उतराता देखा। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी पहुंची तथा शव को बाहर निकाला। शिनाख्त होने पर भागचंद व फुलिया भी आ गई। हालांकि दंपती ने कोई आरोप नहीं लगाया है। माना जा रहा है कि पैर फिसलने के चलते कोहीनूर तालाब में डूब गया होगा। स्वजन ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है। किशोर तालाब में कैसे डूबा इसका पता लगाया जाएगा।

# योगेश हत्याकांड में दो आरोपियों ने किया सरेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। योगेश हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस ने बिजनौर जेल में जाकर उनके बयान भी दर्ज किए। अब इस मामले में मुख्य आरोपी पूर्व प्रधान पति, उसके भाई समेत चार आरोपी जेल में हैं, पुलिस विवेचना में घटना में कुल आठ आरोपी शामिल हैं, जिनमें एक नगर पालिका गजरौला का सभासद भी है। बता दें कि 12 अप्रैल की दोपहर में थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर में शराब दुकान पर गांव वारसाबाद निवासी पूर्व प्रधान के पति राजवीर सिंह व गांव फौंदापुर निवासी योगेश (28) के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि योगेश पक्ष ने राजवीर सिंह के साथ हाथापाई कर

**■ पुलिस ने बिजनौर जेल में जाकर दर्ज किए बयान**

दी थी। इसके बाद राजवीर के भाई मनोज व उसके पक्ष के लोगों ने योगेश के भाई प्रशांत के साथ नगर के खादगूजर तिराहे के पास घेरकर मारपीट की थी। रात के समय योगेश अपने पिता जहेन्द्र व ताऊ नरेश के साथ बाइक से नगर निवासी समाज के संभ्रांत लोगों के पास इस मामले के संबध में बातचीत करने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में राजवीर, उसका भाई मनोज कुछ अन्य लोगों के साथ मिले और लाठी डंडो से वार करके योगेश की हत्या कर दी, जबकि नरेश व जहेन्द्र घायल हो गए। प्रकरण में योगेश के पिता जहेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने राजवीर, उसके भाई मनोज सहित चार अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी थी। उसी दिन पुलिस ने मनोज को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था, जबकि राजवीर ने बाद में कोर्ट में सरेंडर किया। पुलिस ने 15 मई को राजवीर को रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त डंडे आदि बरामद किए थे। पुलिस विवेचना में इस घटना में सभासद सहित राजवीर व मनोज सहित कुल आठ लोगों की संलिप्तता पाई गई। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। इसमें 27 मई को नकुल व अंकित निवासी गांव पाल ने कोर्ट में सेरेंडर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने बिजनौर जेल में जाकर दोनों के बयान दर्ज किए।

# आभूषण ठगने के संदेह में चार लोगों को पकड़ कर धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित गांव में महिला से आभूषण ठगने के संदेह में ग्रामीणों ने चार लोगों को पकड़ कर धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला शुक्रवार की दोपहर है। नौगावां क्षेत्र के चार व्यक्ति थैला आदि टांगकर गांव शहबाजपुर डोर में पहुंचे, यहां पर भीख मांगने के बहाने एक घर में घुसे और वहां पर माजूद महिला को तरह तरह की बात बताते हुए कान में पहने कुंडल व घर में रखे गहने मांगने लगे। हालांकि महिला उनकी बातों में नहीं आई और उनकी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने उनका पीछा करके

**■ इंदिरा चौक पर पुलिस के सामने भिड़े दो युवक**

दबोच लिया और धुनाई करके पुलिस को सौंप दिया। इस प्रकरण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। **इंदिरा चौक पर पुलिस के सामने भिड़े युवक, वीडियो वायरल** शुक्रवार की दोपहर में दो युवकों में बाइक निकालने को लेकर विवाद हो गया और हाथापाई होने लगी। यह देखकर यहां पर मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें हटाने पहुंचे तो पुलिस के सामने भी दोनों युवक हाथापाई करते रहे। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना के बाद पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। **खरीददारी करने आई दो महिलाओं को सामान चोरी करने के शक में पीटा** ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार आई दो महिलाओं को चोरी करने के संदेह में दुकानदार व आसपास के लोगों ने पीट दिया। इससे काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, वहीं महिला के परिजन व गांव के लोग भी थाने पहुंच गए। पुलिस मारपीट करने के आरोपी दुकानदार को भी थाने ले आई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस दोनों पक्षों से बातचीत करके मामले की जांच पड़ताल में जुटी थी।

## एक नजर

### ईदुल अजहा पर पालिका ने बनाया कंट्रोल रूम

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने के लिए नगर पालिका ने कमर कस ली हैं। पालिका कर्मचारियों की जगह-जगह ड्यूटी लगा दी गई है। नगर पालिका परिषद द्वारा ईद उल अजहा पर साफ सफाई रखने के लिए कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। कुर्बानी के बाद अवशेष जहां-तहां पशुओं के अवशेष न फेके इस पर नजर रखने के लिए कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगा दिया गया है। अधिशासी अधिकारी द्वारा टीम गठित कर कर्मचारियों को जगह-जगह तैनात किया गया है। अवशेष उठाने के लिए पालिका के वाहनों पर कर्मचारी तैनात कर दिये गये हैं। कौन कर्मचारी कहा ड्यूटी पर तैनात है इस पर नजर रखने के लिए भी व्यवस्था की गई है। नगर में सफाई प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था संबंधी शिकायतों को निस्तारित करने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम प्रभारी की देखरेख में यह कर्मचारी अपने कार्य को अंजाम देंगे। कुल मिलाकर नगर पालिका ने ईद उल अजहा पर कही गंदगी ना फैले कोई शिकायत ना मिले इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है

### पशु स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। शुक्रवार को गांव कौराला में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के पशुचिकित्सा वैज्ञानिकों ने पशुपालन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया शिविर में मुख्य रूप से बाँझपन से ग्रस्त पशुओं के उपचार किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक राजीव तरारा ने किया। शिविर में कुल 175 पशुओं की जांच की गई। सीवीओ डॉ आभा दत्त ने पशुपालकों को हीट डिटेक्शन (गर्मी पहचान), संतुलित आहार, एवं प्रभावी प्रजनन प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। डॉ. अमित वर्मा, डॉ. प्रेम सागर मौर्या, डॉ. विकास सचान, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. दीपाक्षी, डॉ. भागेश, डॉ. गरिमा राज एवं नेपाल सिंह की टीम ने इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से प्रजनन जांच, हार्मोनल उपचार, परीजीवी नियंत्रण, गर्भाशय धोवन एवं खनिज पूरक वितरण जैसी सेवाएं प्रदान कीं।

### युवती के अश्लील फोटो बनाकर किये वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि लगभग 8 माह पहले मेरी पुत्री रिश्तेदारी में गई थी और रिश्तेदारी में एक युवक ने घर पर आकर मेरी पुत्री के साथ फोटो खींच लिए और पुत्री से कहने लगा कि मैंने तेरे फोटो अपने साथ खींच लिया है यदि तू मुझसे बात नहीं करेगी तो मैं तेरे अपने साथ खींची हुई फोटो को अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दूंगा और तुझे बदनाम कर दूंगा इसके बाद युवती ने पूरी बात घर आकर मुझे बताई जिसके बाद युवक को समझाया कि तू मेरी पुत्री के फोटो अपने मोबाइल से डिलीट कर दे और मेरी पुत्री का पीछा छोड़ दे लेकिन युवक ने थाना क्षेत्र के एक गांव में मैंने अपनी बेटी का रिश्ता तय कर दिया था आरोपी युवक होने वाले दामाद के पास पहुंचा और मेरी पुत्री के फोटो दामाद को दिखाकर कहने लगा कि तू अगर इस लड़की से शादी करेंगा तो तूझे जान से मार दूंगा व इस बारे में अगर किसी से शिकायत की तो भी तुझे जान से मार दूंगा युक्ति के पिता ने पुलिस को बताया कि मुझे व मेरे परिवार को जान माल का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई पुलिस ने तहरीर का आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जा शुरू की।

# मारपीट में चार लोगों को एक-एक साल की सजा

## कोर्ट ने आठ हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मारपीट के मामले में कोर्ट ने चार लोगों को दोषी माना। एक-एक साल जेल की सजा सुनाई तथा आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। घटना गांव रजबपुर की थी। यहां अनुसूचित जाति के रवि का परिवार रहता है। 12 जुलाई 2018 की शाम में मोहल्ले के रहने वाले अकील, जुगनू, नबील और जुबैर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे थे।

घर के बाहर गाली-गलौज करने का करने पर विरोध आरोपियों ने रवि को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने चारों के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। गिरफ्तार कर पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर दिया था। फिलहाल इस मामले में चारों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट संजय चौधरी की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर पैरवी एडीजीसी मनोज सक्सेना ने की। शुक्रवार को कोर्ट में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अकील, जुगनू, नबील और जुबैर को दोषी करार दिया। चारों को एक-एक जेल की सजा सुनाई तथा दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# मोबाइल लैपटाप से कुछ समय दूर रहकर लगाएं ध्यान



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला में डिजिटल डिटॉक्स योग कार्यक्रम एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ डिजिटल

**■ रमाबाई महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम**

डिटॉक्स योग सत्र से हुआ, जिसमें प्रशिक्षक डॉ.अजय कुमार ने विद्यार्थियों को डिजिटल यंत्रों की निरंतरता से उत्पन्न मानसिक दबाव से मुक्ति पाने के उपाय सुझाए। उन्होंने कहा कि "जब शरीर थकता है तो नींद चाहिए होती है, पर जब मन थकता है, तब ध्यान आवश्यक होता है।" उन्होंने सभी को मोबाइल, लैपटॉप आदि से कुछ समय दूर रहकर ध्यान और मौन साधना की आदत अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात डॉ. नेहा अग्रवाल ने डिजिटल फास्टिंग की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों से कम-से-कम एक दिन बिना फोन के बिताने का आग्रह किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.श्वेता अग्रवाल के संयोजन में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" रही। कहा, कि "यदि पृथ्वी हरी भरी रहेगी तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। हर पौधा एक सांस है और हर सांस जीवन है। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि आशा, शांति और जीवन का संदेश भी देते हैं। प्राचार्य प्रो0महबूब अली गौरी ने कहा कि, योग केवल शरीर की कसरत नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का मार्ग है। इस मौके विद्यार्थियों में हर्ष, श्रेया सिंह तोमर, इशिका, मानसी, दक्षराज के साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज्योतिबाफुले व सावित्री बाई भारत रत्न सें हों विभूषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। ऑल इंडिया सैनी सभा के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा। ज्ञापन में

**■ ऑल इंडिया सैनी सभा ने सौंपा ज्ञापन, जिले का नाम ज्योतिबाफुले नगर रखने, फूले फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग**

मांग की गई है कि अमरोहा जनपद को ज्योतिबाफुले के नाम से जाना जाए, साथ ही उनके नाम पर बनी फिल्म को पूरे देश में टैक्स फ्री घोषित किया जाए, साथ ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले चार दशकों से सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा आदि समाज सत्ताधारी दल का वोट बैंक रहा है। लेकिन दुख की बात यह है कि प्रदेश व केन्द्र सरकार इस समाज के हितों के प्रति गंभीर नहीं है। हमारी सभा केन्द्र सरकार से यह मांग करती है कि महापुरूष ज्योतिबाफुले व उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले को भारत रत्न के सम्मान से अलंकृत करे, साथ ही अमरोहा जनपद का नाम भी पूर्व की तरह ज्योतिबाफुले नगर के नाम से हो, और ज्योतिबाफुले के नाम पर बनी फिल्म को पूरे देश में टैक्स फ्री घोषित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि केन्द्र व राज्य सरकार ने सैनी, शाक्य, कुशवाहा समाज के महापुरूषों का सम्मान न किया तो आगामी 2027 के चुनावों में हमें बहिष्कार के लिये मजबूर होना होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी, अमित सैनी, फूल सिंह सैनी, कल्याण सिंह सैनी, मोतीराम सैनी, अजीम वारसी, करतार सिंह सैनी, पीयूष सैनी, शुभम सैनी, राजकुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

# बकरा खरीदने गये वकील को पीटा

## चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कुर्बानी के लिए बकरा खरीदते समय लोगों ने अधिवक्ता के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस से चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला मच्छरट्टा के रहने वाले अबू सुफियान एडवोकेट जनपद न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। ईद के मौके पर एडवोकेट अबू सुफियान बृहस्पतिवार को कोठी खिदमतपुर स्थित नखासा बाजार से कुर्बानी के लिए बकरा खरीदने गए थे। इस दौरान उन्होंने एक बकरा खरीद लिया था जबकि दूसरे की खरीदने की तलाश कर रहे थे। तभी यहां मौजूद बाजार के ठेकेदार समीर मलिक ने उनसे पर्ची मांगी। जैसे ही अधिवक्ता अबू सुफियान पर्ची दिखने लगे तभी, समीर मलिक, साजिद और जीशान ने उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। बचाव में आए एडवोकेट अबू सुफियान के भाई अब्दुल्ला और शोएब के साथ भी मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो भाग गए। मामले में पुलिस ने समीर मलिक, साजिद, जीशान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दहेज की खातिर गर्भवती को पीटा, पति ने किया दुष्कर्म

## चार लोगों के खिलापफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ससुराल वालों ने गर्भवती विवाहिता के साथ दहेज के लिए मारपीट की। पति ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिजनौर जनपद के एक गांव में रहने वाले किसान की बेटी की शादी नौगांवा सादात कस्बे के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। दो साल पहले हुई शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति विवा. हता के साथ आए दिन मारपीट करता था और जबरदस्ती दुष्कर्म करता था। 24 मई की सुबह 11 बजे ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट की। इस दौरान विवाहिता गर्भवती थी। ससुराल वालों की पिटाई के कारण उसके पेट में गंभीर चोट आई। जिसके चलते विवाहिता को ब्लीडिंग शुरू हो गई। गर्भ में पल रहा भ्रूण खराब हो गया। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने विवाहिता को अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में विवाहिता के पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हजरत मुस्लिम की शहादत पर मजलिस

## शबीहे ताबूत किया बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चचाजाद भाई हजरत मुस्लिम की शहादत पर मजलिस का आयोजन किया गया। शबीहे ताबूत बरामद करते हुए शिया समुदाय के लोगों ने नौहख्वानी के बीच सीनाजनी करते हुए शहादत को याद किया।

शहर के मोहल्ला मंडी चौब स्थित अजाखाना मोहम्मद युसूफ में सफीरे हुसैन हजरत मुस्लिम के गम का आयोजन किया गया। मजलिस में सोज-ओ-सलाम तबारक अली व हमनवां ने पेश किया जबकि मौलाना हैदर मेहंदी ने मजलिस को खिताब फरमाया। उन्होंने बताया कि पैगम्बर-ए-इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने जब ये देखा कि यजीद दीने इस्लाम को मिटाने के लिए हिंसा, अहंकार, अन्याय, अय्याशी तथा अरबों में पैगम्बरे इस्लाम से पूर्व में फैली बुराईयों को अपना रहा है तो हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कर्बला में कुर्बानी देकर न केवल इस्लाम को बचाया बल्कि आलम-ए-इंसानियत को भी बचा लिया। बताया कि इमाम हुसैन के चचाजाद भाई हजरत मुस्लिम बिन अकील थे। इमाम हुसैन ने हजरत मुस्लिम को कूफे में अपना सफीर यानि शांति दूत बनाकर भेजा था। कूफे वालों ने इमाम हुसैन को खत भेज कर बुलवाया था। इमाम हुसैन ने कूफे के माहौल का जायजा लेने के लिए हजरत मुस्लिम को पहले वहां भेजा था लेकिन कूफे में जालिमों ने उन पर जुल्म शुरू कर दिए। पहले तो हजरत मुस्लिम का खैर मकदम किया लेकिन बाद में मुंह मोड़ लिया। अकेले हजरत मुस्लिम जालिमों की फौजों से लड़ते हुए शहीद हुए। यह कर्बला की पहली शहादत थी। मौलाना ने मसायब का जिक्र भी किया, जिसे सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। मजलिस के बाद हजरत मुस्लिम का ताबूत बरामद हुआ। अकीदतमंदों ने ताबूत की ज्यारत की। जिसके बाद नौहाखानी और सीना. जनी भी हुई। वहीं, घरों में नजर-ओ-नियाज का सिलसिला चलता रहा।

# मुकदमे में फैसला न करने पर हत्या का प्रयास

## जान से मारने की नियत से दबाया गला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मुकदमे फैसला नहीं करने पर दबंगों ने पीड़िता के साथ मारपीट की। जान से मारने की नियत से गला दबा दिया। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला लकड़ा में कारोबारी का परिवार रहता है। दस मई की रात मोहल्ले का ही रहने वाला तारिक घर में घुस आया था। उसने कारोबारी की बेटी के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म करने की कोशिश की थी। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि 2 जून की शाम 7 बजे कारोबारी की बेटी मोहल्ले में रहने वाली अपनी सहेली के साथ बाजार से सम्मान खरीदने गई थी। तभी मोहल्ला लकड़ा इकरार में आरोपी ताहिर का भाई ताहिर, मुजफ्फर, जफर और कनिजा ने उसके साथ मारपीट की। मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो भाग गए। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में ताहिर, मुजफ्फर, जफर और कनिजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जंगल में चल रहे फर्जी डिलीवरी केंद्र पर नवजात की मौत

■ स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में कुंडरा कोठी के क्षेत्र में चल रहे आधा दर्जन से अधिक फर्जी डिलीवरी केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना बहेड़ी के गांव गैजरपुर गौंटिया मजरा बहादुरगंज के रहने वाले मेहताब अपनी पत्नी गायत्री देवी का अल्ट्रासाउंड कराने के बाद कुंडरा कोठी स्थित जंगल में कथित डॉक्टर कमलेश को दिखाने लाए थे। मेहताब का आरोप है कि डॉक्टर कमलेश ने कहा कि डिलीवरी का समय पूरा हो गया है, और सब कुछ नॉर्मल है, उन्हें कहीं ले जाने की जरूरत नहीं है, नॉर्मल डिलीवरी कर देगी। पूरी रात भर्ती रखने के बाद शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे जब उन्होंने कहा कि वह उसकी पत्नी की छुट्टी कर दें, वह कहीं और डिलीवरी करा लेंगे तो वह बोली की बस थोड़ी देर इंतजार करो, अभी डिलीवरी करते हैं और जबरदस्ती डिलीवरी करने में लग गई। करीब 1 बजे के समय डिलीवरी करते वक्त जब उसका बच्चा अधर में लटक गया, तब डॉक्टर कमलेश ने कहा कि वह उसे कहीं दूसरी जगह दिखा लें। इससे पहले कि परिजन कुछ समझ पाते महिला डॉक्टर ने जबरदस्ती नवजात को खींचकर डिलीवरी कर दी। इस दौरान खींचतान में नवजात की तुरंत ही सांस थम गई। जब परिजनों ने महिला डॉक्टर पर बच्चे की मौत का आरोप लगाया तो वह भौखला गई, और परिजनों को ही धमकाने लगी। इस पर परिजनों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस बुला ली, वहीं सूचना मिलने पर चौकी की भी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला की गंभीर हालात को देखते हुए एंबुलेंस से सीएचसी रिछा भिजवा दिया। वहीं नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। वहीं मेहताब सिंह ने फर्जी डॉक्टर कमलेश पर कानूनी कार्रवाई हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी रिछा को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। सीएएचसी प्रभारी डॉक्टर शशांक रतन यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, महिला डॉक्टर की डिग्री की जांच की जाएगी, अगर सब कुछ ठीक-ठाक नहीं मिला तो महिला डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## इलाके में दर्जनों चल रहे अवैध डिलीवरी केंद्र

**नवाबगंज** थाना क्षेत्र के कस्बा कुंडरा कोठी में दर्जनों अवैध डिलीवरी केंद्र चल रहे हैं। जो लोगों को डरा धमका कर पैसे झटकते हैं, और डिलीवरी के नाम पर लूट मचा रहे हैं। प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी खामोश बैठा है। क्षेत्र में डिलीवरी केंद्र संचालकों का कहना है कि वह शासन में बैठे ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी को घूस देते हैं, कोई भी अधिकारी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता है। कुंडरा कोठी कस्बे में एक अवैध डिलीवरी केंद्र रिछा जहानाबाद रोड पर, अल्ट्रासाउंड केंद्र के अंदर, अल्ट्रासाउंड केंद्र के बराबर में, बालपुर में बंगाली डॉक्टर के क्लीनिक पर सहित कई अन्य डॉक्टरों के यहां भी चल रहे हैं। अब सवाल खड़ा होता है कि सरेआम चल रहे इन केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग की नजर क्यों नहीं जाती है। कुछ माह पूर्व बालपुर में बंगाली डॉक्टर के यहां चल रहे फर्जी नर्सिंग होम में एक डिलीवरी करने आई महिला की मौत हो गई थी, पर डॉक्टर ने डरा धमकाकर परिजनों से समझौता कर लिया था, और मामला रखा दफा हो गया था।

# मुठभेड़ के बाद शातिर बदमाश करन दबोचा

■ पुलिस की जवाबी कार्रवाई में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक वांछित और शातिर अपराधी करन पुत्र प्रेम शंकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में करन के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में दबोच लिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में फतेहगंज पश्चिमी पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। करन पर दो जून को नाबालिग अखिलेश गंगवार को गोली मारने का आरोप है। इस मामले में उस पर गंभीर



धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस को शुक्रवार सुबह सूचना मिली थी कि करन मोटरसाइकिल से रूकमपुर की तरफ आ रहा है। इस पर पुलिस ने एएनए कट के पास बैरिकेडिंग की। पुलिस को देख कर करन ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायर कर दिया। जान से मारने की नीयत से किए गए इस हमले का जवाब पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग करके दिया, जिसमें करन घायल हो गया। मौके से करन के पास से अवैध तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल करन को उपचार के लिए सीएचसी खिरका भेजा गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

करन का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और उस पर कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। अब उस पर आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी के साथ एसओजी टीम, एसएसआई विश्वदेव सिंह,चौकी प्रभारी अनूप सिंह सिपाही व अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# लापता युवक का नहीं लगा सुराग

■ खेतों में मिली बाइक और चप्पलें
■ परिजन पुलिस के साथ खेतों की खाक छान रहे
■ अनहोनी की आशंका से सब परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** घर से अचानक लापता हुए युवक की तलाश में परिजन और पुलिस लगी हुई है, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा है। अलबत्ता रिछा चौकी के पास लापता युवक की खेतों में मिली बाइक और चप्पलों ने अनहोनी की आशंका को बढ़ावा दे दिया है।

कोतवाली देवरनियां के कस्बा रिछा के वार्ड नंबर नौ नई बस्ती निवासी अब्दुल रूफ का सबसे बड़ा पुत्र बसीम अहमद चार जून से लापता है। परिजनों के मुताबिक बसीम चार जून की शाम आठ बजे घर से खाना खाकर बाइक से निकला था, जब वह देर रात तक वापस नहीं आया, तो परिजनों को उसकी चिंता हुई, और इधर-उधर देखा, जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो अगले दिन पांच जून को बसीम के भाई मोहम्मद तौसीफ ने उसकी गुमशुदगी की सूचना कोतवाली में दर्ज कराई। पांच जून की शाम परिजन तलाश करते हुए रिछा-जहानाबाद रोड



किनारे स्थित जब सिंधौरा गांव के पास पहुंचे तो गांव सिंधौरा स्थित रिछा पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पम्प के पास खेतों में लापता बसीम की बाइक और चप्पलें मिली हैं, परिजनों ने इसकी तहकीद की है। चौकी पुलिस भी आ गई, मगर बसीम का कोई सुराग नहीं लगा था।

छह जून शुक्रवार सुबह फिर तलाश की गई, मगर देर शाम तक इस मामले में कोई और जानकारी नहीं मिली थी। खेतों में बाइक और चप्पलों का मिलना अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है, और यह परिजनों के लिए चिंताजनक बनी हुई है। परिजनों के मुताबिक बसीम रिछा की राइस मिलों पर कट्टे सिलाई का काम करता है, उसका एक लड़का दो वर्ष का है। आठ भाई-बहनों में वह सबसे बड़ा है। चार भाई और चार बहनें हैं।

# शीशगढ़ का अनोखा डाक खाना जहां स्वयं जाना पड़ता है अपनी डाक लेने

■ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा डाक सेवा का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में स्थित डाकघर सरकारी नियम से नहीं चलता बल्कि डाकिया के मन के मुताबिक चलता है। यहां डाकिया अपनी डाक घर-घर जाकर नहीं बांटता, बल्कि डाकिया डाकघर में आराम फरमाता है और लोगों को अपनी डाक लेने डाकखाने आने के लिए फोन की घंटी बजाता रहता है।

जी हां यह कोई फिल्म की कहानी नहीं बल्कि सच्चाई है शीशगढ़ के डाकखाने की। शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला बरेली बस अड्डे पर एक छोटी सी किराए की दुकान पर चल रहा पोस्ट ऑफिस अपनी बदहाली की दास्तां सुना रहा है। इस उप डाकघर पर एक पोस्ट मास्टर व एक पोस्टमैन की तैनाती तो है, लेकिन यह सरकारी नियमित समय के हिसाब से नहीं आते हैं, बल्कि अपनी मर्जी के मुताबिक ही आते हैं। डाकखाना कभी दोपहर 12 बजे खुलता है, तो किसी दिन खुलता ही नहीं है। कितने समय के लिए खुलता है, यह सब पोस्टमास्टर पर निर्भर है। यहां पर डाकिया आराम से बैठकर फोन घुमाता है। अपनी डाक के जाओ सीधा साधा ग्रामीण अपनी डाक लेने को डाकखाने की दौड़ लगा देता है, साथ में उसको डाकिया के लिए कुछ चाय पानी के लिए पैसा देना पड़ता है, जैसे कि डाकिया ने उसके साथ बड़ा एहसान कर दिया हो मानो कि यह सरकारी कम न होकर उसका निजी काम हो।

## आधार कार्ड के ढेर लगे पड़े हैं छांटों और ले जाओं

आधार कार्ड के तो ढेर लगे पड़े हैं। छांटों और ले जाओ। अपना-अपना आधार ढूंढने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लगी रहती है। आधार कार्ड का गट्ठर लेकर ग्रामीण बाहर बैठकर इत्मीनान से ढूंढते रहते हैं। यही हाल अन्य डाक का भी है। लोगों को अपनी-अपनी डाक स्वयं ढूंढनी पड़ती है। तमाम आवश्यक डाक ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाती है, उसको अज्ञात बताकर वापस कर दिया जाता है।

## डाकिया की कमी से नहीं बट पाती है आवश्यक डाक

पूरे कस्बे के लिए कोई डाकिया नहीं है। पोस्ट मास्टर के जिम्मे ही डाक बांटने का काम भी है। पोस्ट मास्टर डाकखाना खोले, खाते खोले, आधारकार्ड बनाए या फिर घर-घर जाकर डाक बांटे। पोस्ट मास्टर का काम घर-घर जाकर डाक बांटने का नहीं होता, लेकिन यहां शीशगढ़ में कोई डाकिया नहीं है, तो यह जिम्मेदारी भी पोस्टमास्टर के जिम्मे है।

## चेयरमैन ने शीशगढ़ में पोस्टमैन की तैनाती की उठाई मांग

कस्बे की डाक सेवा को और बेहतर बनाने के लिए पोस्टमैन की तैनाती की मांग भी उठने लगी है। चेयरमैन नीलोफर ने भारत सरकार के संचार मंत्री को पत्र भेजकर शीशगढ़ कस्बे व क्षेत्र की डाक सेवा को बेहतर बनाने के लिए पोस्टमैन की तैनाती की मांग उठाई है।

## एक नजर

### किच्छा नदी में मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ट्यूली गांव के पास किच्छा नदी में एक 46 वर्षीय युवक का शव देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम को भेजा है।



मृतक की शिनाख्त 46 वर्षीय मोहम्मद उमर पुत्र जंजीर शाह निवासी ट्यूला के रूप में हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक मृतक बीती रात करीब एक बजे से घर से गायब था, और उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोचिंग गई छात्रा रहस्य ढंग से हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के एक गांव की एक ग्रामीण की 18 वर्षीय पुत्री रिसेट कम्प्यूटरी कोचिंग सेंटर पर कोचिंग को गई थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसे तलाश किया। बताया जाता है कि कोचिंग सेंटर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे परिजनों ने खंगाले, जिसमें पता चला कि दो युवक उसकी पुत्री खुशबू को बाइक पर बैठाकर ले जा रहे हैं। पिता ने घटना की रिपोर्ट थाना हाफिजगंज में दर्ज कराई है।

### हमारे अमल से किसी को न पहुंचे ठेस: अहसन मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने सभी को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी इत्तेहाद, भाईचारे और अमन का पैगाम देते हुए ईद का त्यौहार मनाएं। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दरगाह मुख्यालय पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि ईद-उल-अजहा के त्यौहार पर अल्लाह की राह में कुर्बानी दी जाती है। कुर्बानी का मतलब है कि मुसलमान अल्लाह की राह में सबसे प्यारी चीज भी कुर्बान करने में पीछे न हटे। जिन लोगों पर कुर्बानी वाजिब है, वो लोग ईद के अय्याम (3 दिन) में अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी करें। साथ ही अपने दिलों से दूसरे के लिए हसद (ईर्ष्या), बुगज, नफरतों के साथ तमाम बुराईयों को खत्म कर आपसी सौहार्द के साथ रहें। कुर्बानी करते वक्त कोई ऐसा अमल (काम) न करें जिससे हमारे पड़ोसी और हम वतन व हम मजहब भाई को ठेस पहुंचे। साफ-सफाई का खास खय्याल रखें। खुले में कुर्बानी न करें। गोश्त तकसीम (बांटने) करने जाएं तो उसे ढक कर ले जाएं। दरगाह के वरिष्ठ मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने भी सभी को ईद की मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि सभी त्यौहार सामाजिक बुराइयों के खात्मे, आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के साथ गरीबों, मजलूमों और बेसहारा लोगों की मदद करने का संदेश देते हैं। इस मौके पर मौजूद शाहिद खान नूरी, नासिर कुरैशी, औरंगजेब नूरी, हाजी जावेद खान, परवेज नूरी, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, मंजूर रजा, शान रजा, मुजाहिद रजा ने भी सबको ईद की मुबारकबाद देते हुए जिला प्रशासन से ईद के तीनों दिन बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की।

**सुब्हानी मियां व अहसन मियां ने दी ईद उल अजहा की मुबारकबाद**

# मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला दरिंदा मुठभेड़ में दबोचा

**पांच साल की बच्ची के साथ किया था दुष्कर्म, पुलिस ने किया लंगड़ा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में दुराचार के आरोपी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी ग्राम रहपुरा घनश्याम निवासी अकील अहमद पुत्र जमील अहमद के दोनों पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी भी घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि गत पांच जून शाम 5 बजे आरोपी अकील पांच साल की कक्षा एक की छात्रा को दुकान से टॉफी दिलवाने का लालच देकर गांव के एक प्राइमरी स्कूल के शौचालय में ले गया, और वहां दुष्कर्म किया कर फरार हो गया था। भाग कर जाते समय आरोपी अकील ने बच्ची को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

इस मामले में पुलिस देवरनियां कोतवाली के क्षेत्र रोहिली मोड़ पुलिया के निकट चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति तेजी से दूसरी तरफ भागा।

पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, और आरोपी के दोनों पैर में गोली लग गई।

आरोपी अकील अहमद को बहेड़ी सीएचसी मेडिकल को लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 तमंचा 315 बोर, एक जिंदा करतूत, एक खोखा 315 बोर बरामद किया है।

टीम में इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा, क्राईम इंस्पेक्टर रामवीर सिंह, उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल सत्येंद्र भाटी, बिट्टू सिंह मौजूद थे।

# पूर्व चौकी इंचार्ज ने युवक से लिए 35 हजार रुपये उधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में चौकी इंचार्ज रहे आर के लहरी ने कस्बे के युवक राम सिंह से कई बार में 35 हजार रुपए उधार लिए थे, कहा मैं धीरे-धीरे करके लौटा दूंगा, लेकिन तबादला होने के बाद उन्होंने युवक का फोन उठाना ही बन्द कर दिया, जिससे परेशान होकर युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रुपए दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

कस्बे की आदर्श नगर बस्ती के रहने वाले रामसिंह राठौर द्वारा एसएसपी को की गई शिकायत में निवर्तमान चौकी इंचार्ज आर के लहरी पर जनवरी से दिसम्बर के बीच उनके फोन नंबर 9368685600 पर 35 हजार रुपये फोन पे करने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि जब तक वह कस्बे में चौकी इंचार्ज रहे, तब तक तो कहते रहे दे दूंगा, लेकिन जबसे उनका तबादला हुआ है तब से उन्होंने उसका फोन उठाना ही बंद कर दिया है।

युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रुपये दिलाए जाने की गुहार लगाई है। युवक ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है।

**अब फोन उठाना किया बन्द, कप्तान से लगाई गुहार**

# डीएम ने ईद-उल-जुहा पर्व को लेकर देखे सुरक्षा के इंतजाम

■ ईदगाह एवं जामा मस्जिद क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
■ शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर ईद-उल-जुहा के पर्व को मनाने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील
■ मस्जिद में नमाज कोविड के नियम के अनुसार पढ़ी जाए: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह ने ईद-उल-जुहा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत बाकरगंज स्थित ईदगाह एवं जामा मस्जिद क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर ईद-उल-जुहा के पर्व को मनाने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों को समझाएं कि कुर्बानी की वीडियो न बनाएं, न ही वायरल करें।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि ईद-उल-जुहा के पर्व पर परम्परागत रुप से जहां नमाज पढ़ते आये हैं, वहीं पढ़ें और सामूहिक कुर्बानी स्थल पहले से चिन्हित हैं उन्हीं स्थानों पर कुर्बानी दी जाए।

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारीगण को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, ट्रैफिक आदि व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मस्जिद में नमाज कोविड के नियम के अनुसार पढ़ी जाए, मस्जिद में बैरिकेडिंग उचित प्रकार से की जाए, तथा कुर्बानी के बाद जो वेस्टेज मटेरियल उठाने वाली गाड़ी आए, उस गाड़ी वाले का मोबाइल नंबर व नाम मस्जिद में अंकित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# नायब तहसीलदार को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने मासिक पंचायत कर उपजिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार शुभम पांडेय को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंच गए। बरेली मंडल उपाध्यक्ष उपदेश सिंह ने किसानो की मांगों को लेकर पंचायत में बोलते हुए कहा कि धान रोपाई के समय डीएपी तथा यूरिया की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाए रखने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम हसनापुर स्थित शमशान भूमि पर दबंगों ने नाजायज कब्जा कर रखा है, जिसकी पैमाइश कराया जाना अति आवश्यक है। वहीं सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में गांव के गरीब किसानों के बच्चों के नामांकन शत प्रतिशत कराए जाएं, एवं नामांकन के लिए आधार कार्ड की वरीयता खत्म करते हुए दूसरा विकल्प अपनाने की बात कही। ग्राम हसनापुर में इंडिया मार्का नल खराब होने की बात कहते हुए भीषण गर्मी के मौसम में खराब नलों को सही कराने की मांग की। गांव के ही दीनदयाल के खेत के चक मार्ग से ग्राम रूरिया चक मार्ग को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। इस दौरान तहसील अध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह, मंडल महासचिव राम रहीम यादव, मंडल उपाध्यक्ष उपदेश सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।



# बारात में नाश्ते को लेकर हंगामा, पहले रूठा दूल्हा, फिर दुल्हन हुई नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुलड़िया क्षेत्र में बारात में दोस्तों को नाश्ता नहीं मिला तो दूल्हा रूठ गया। उसने बारात में बवाल खड़ा कर दिया। दुल्हन पक्ष के लोगों से गाली गलौज कर दी। इसको लेकर बाराती और घरातियों में हाथापाई की नौबत तक आ गई। यह देखकर दुल्हन ने दूल्हे के साथ शादी करने से इंकार कर दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा तो रात से लेकर सुबह तक कई घंटे की पंचायत के बाद फेरे हो सके।

**रातभर चली पंचायत, सुबह हुआ फैसला**

बृहस्पतिवार की शाम को सिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी थी। बारात बदायूं के थाना कुंवरगांव क्षेत्र से आई थी। बताते हैं कि रात करीब 10 बजे दूल्हा की बरात चढ़ रही थी। बराती नाश्ता करने चले गए। दूल्हे के तमाम दोस्त साथ में चल रहे थे। बरात चढ़ने के बाद दूल्हे के दोस्त खाने वाले पंडाल में पहुंचे तो नाश्ता गायब था।

इसको देखकर दूल्हे के दोस्त भड़क गए। उन्होंने दूल्हे से नाराजगी जाहिर करते हुए बारात से जाने की बात कही। इसी बात को लेकर दूल्हा भड़क गया, और पंडाल में ही लड़की पक्ष के लोगों को गालियां देने लगा। इसको लेकर दोनों पक्षों में हाथापाई की नौबत पहुंच गई। इसकी खबर जब दुल्हन को हुई तो उसने दूल्हे के साथ फेरे लेने से इंकार कर दिया। इससे मामला और बिगड़ गया। बारातियों में खलबली मच गई। लड़की पक्ष ने तुरंत हिसाब कर बारात वापस ले जाने की बात कही। फिर क्या जनमासे में सन्नाटा पसर गया।

### किसी ने डायल 112 को सूचना दे दी

इसी दौरान किसी ने 112 नंबर पर फोन कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस दूल्हा समेत उसके कई साथियों को चौकी बड़गांव ले आई। इसके बाद शुक्रवार की सुबह नौ बजे तक चौकी में पंचायत होती रही। बाद में दोनों पक्ष के रिश्तेदारों ने दोनों पक्षों की इज्जत का हवाला देकर मामले को सुलझा दिया। इसके बाद लगभग दस बजे के बाद फेरे होने के बाद लड़की को विदा कर दिया गया।

राजेश रावत, चौकी प्रभारी बड़ागांव ने बताया कि मुगलपुर गांव में आई बारात में दूल्हे के दोस्तों को नाश्ता न मिलने के कारण बवाल हो गया। दोनों पक्ष चौकी आए थे। सुबह को मामला निपटा लिया गया। फेरों के बाद लड़की को विदा कर दिया गया।

# जिला अस्पताल, मरीजों को नहीं मिला तकिया, डिप्टी सीएम भड़के

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने शुक्रवार को महाराणा प्रताप जिला अस्पताल पहुंचे। उनके अस्पताल पहुंचते ही खलबली मच गई। डिप्टी सीएम इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। मरीजों के बिस्तर पर तकिया नहीं मिला। इस पर अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक (एडीएसआईसी) डा. अलका शर्मा को फटकार लगाई।

डिप्टी सीएम ने अधिकारियों से कहा कि छह महीने पहले ये शासनादेश जारी हुआ था कि मरीजों को बिस्तर पर तकिया दिया जाएगा। इसके बावजूद यहां मरीजों को तकिया नहीं दिया जा रहा। इसके बाद वह ओपीडी और पैथोलाजी पहुंचे। मरीजों का हालचाल जाना। डॉक्टरों के बर्ताव के बारे में भी जाना। पैथोलॉजी और इमरजेंसी वार्ड में गंदगी पर साफ-सफाई के निर्देश दिए। उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निरीक्षण के दौरान अस्पताल के स्टॉफ में खलबली मची रही। आनन-फानन में सभी विभाग और वार्ड अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुट गए।

# अब अलीगंज में पकड़ा गया फर्जी आधार केंद्र, संचालक पकड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में फर्जी आधार केंद्र पकड़े जाने का सिलसिला जारी है। अब अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गैनी में कई साल से फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनाने वाले युवक को एसओजी, मिलिट्री इंटेलिजेंस व थाना पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके यहां से काफी सामान बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी राजितराम ने बताया कि संयुक्त टीम ने दबिश दी तो गैनी निवासी देवेश पाठक अपनी दुकान पर फर्जी दस्तावेज बनाते मिला। पुलिस को उसके पास से चार लैपटॉप, दो प्रिंटर, एक आई स्कैनर, एक फिंगर स्कैनर, दो फोटो स्कैनर, शर्मा पीसीओ के नाम की चार मोहरें, एक मोबाइल फोन, टैबलेट, छह सिम मिले।

एक पेन ड्राइव, दो डोंगल, दो लैपटॉप चार्जर, एक कीबोर्ड, 14 वोटर कार्ड, चार आधार कार्ड, एक बैंक पासबुक, 10 राशन कार्ड, एक जीपीएस, चार यूएसबी हब, 47 जन्म प्रमाणपत्र, आठ जाति प्रमाणपत्र, तीन मूल निवास प्रमाणपत्र बरामद हुए हैं।

पुलिस ने उसे बृहस्पतिवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। इससे पहले पूछताछ में देवेश पाठक ने पुलिस को बताया कि वह कई साल से लोगों के फर्जी कागजात तैयार करता है।

## सीबीगंज और भोजीपुरा में भी हो चुकी कार्रवाई

जिले में फर्जी आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र बनाने का धंधा बदस्तूर जारी है। पंद्रह दिन के अंदर सीबीगंज, भोजीपुरा के बाद अब अलीगंज में यह तीसरी कार्रवाई की गई है। बताते हैं कि संबंधित चौकी व थाना स्तर से जानकारी के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## एक नजर

### जल्द दूर होगी जलापूर्ति की समस्या



**बढ़ापुर।** नगर की जलापूर्ति दुरुस्त व सुचारू करने के लिए मौहल्ला पठानान में नए ट्यूबवेल का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है लेकिन अभी भी कस्बे के कई मौहल्लो में जलापूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। नगर में पिछले कई दिनों से तकनीकी खराबी के चलते पेयजल आपूर्ति ठीक नहीं हो पा रही है। यद्यपि अध्यक्ष डॉ. दिलशाद की देखरेख में तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए दिन रात काम चल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कस्बे के काफी हिस्से को पानी की आपूर्ति की जा रही है। लेकिन मौहल्ला नौमी, पठानान, ठाकुरान आदि में अभी भी पेयजल आपूर्ति दुरुस्त नहीं हो पा रही है। इन मौहल्ले के लोग काफी परेशानी का सामना कर रहे है। इस सम्बंध मे अध्यक्ष डॉ. दिलशाद ने बताया कि ईदगाह के पास स्थित ट्यूबवेल की तकनीकी खराबी को दूर किया जा चुका है। इसके अलावा कस्बे के बीचो बीच मौहल्ला पठानान में पुलिस चोकी के पास नए ट्यूबवेल का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। बहुत जल्दी कस्बे के सभी मौहल्लो में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो जायेगी। डॉ. दिलशाद ने नये ट्यूबवेल का निरीक्षण कर ईद से पहले ही नए ट्यूबवेल से मौहल्ला नौमी, पठानान, ठाकुरान, बाजार आदि को जलापूर्ति के निर्देश दिये। अध्यक्ष डॉ. दिलशाद ने प्रभावित कस्बा वासियों से संयम बरतने की अपील की है।

### ईदगाह कमेटी की बैठक



**स्योहारा।** ईदगाह कमेटी की बैठक जनरल सेक्रेटरी डॉ. तारिक रजा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में ईदगाह की साफ सफाई, सफबन्दी आदि पर चर्चा की गई। ईद की नमाज ईदगाह में सुबह सात बजे अदा की जाएगी। इस मौके पर शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा खुले में कुर्बानी न करें, कुर्बानी के अवशेष पोलोथिन में बांधकर नगर पालिका के वाहन में ही डालें। साथ ही नमाज के लिए वक्त से पहले ईदगाह पहुंचे और ईदगाह परिसर में ही नमाज अदा करें।इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट अहसन चौधरी, जनरल सेक्रेटरी डॉ तारिक रजा, सोहेल जफर, सरफराज सैफी, साबिर सलमानी, सय्यद अम्मार रजा, एडवोकेट नावेद उर्रहमान, साबिर सलमानी, आसिफ मंसूरी, डॉ. नफीस उर्रहमान, फिरोज अहमद आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया पौधारोपण



**स्योहारा।** ग्राम पंचायत रामपुर दुल्ली स्थित सरकारी स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लाक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, बीडीओ रामकुमार सिंह, ग्राम प्रधान अंकज चौधरी के नेतृत्व में पौध लगाए गये। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख उज्जवल सिंह चौहान ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं और हमें इनकी हिफाजत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। शासन की इस योजना के अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़, पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्षों यथा नीम, सागौन जामुन, अमरूद, गुलमोहर, पीपल, बरगद आदि रोपित कर उनकी देखभाल का सभी द्वारा संकल्प लिया गया। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलता है और हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इस मौके पर कार्यवाहक एडीओ आशीष कुमार, तकनीकी सहायक अरविन्द कुमार, सोनित कुमार, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# वाटर वर्क्स परिसर में पौधारोपण

## चेयरपर्सन समेत अधिकारियों ने लगाए पौधे, प्लास्टिक मुक्ति का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरपर्सन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वाटर वर्क्स परिसर में पौधारोपण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोगों को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगीना में पौधे लगाकर नगर को हरा भरा रखने की जिम्मेदारों ने शपथ ली।

नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती ताहिरा खलील ने गुरुवार की सुबह विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद नगीना व वाटर वर्क्स कंपाउंड में पौधारोपण किया। प्रदूषण के खिलाफ और पर्यावरण स्वच्छता के लिए संदेश देते हुए चेयरपर्सन ने जनता से अपील करते



हुए कहा कि इस पावन कार्य में सहभागी बनें और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्रकृति की सेवा करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक पौध लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर पौधों को बचाने के लिए भी विभिन्न जानकारियां दी गईं। चेयरपर्सन ने कहा कि अगर ऑक्सीजन चाहिए तो हमें पौधे लगाने होंगे। समाज में हर वर्ग के लोगों को पौधारोपण करने के लिए आगे आना होगा। पौधा लगाने मात्र से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती बल्कि पौधे को बच्चे की तरह पालना भी पड़ेगा। हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उस पौधे को जिंदा रखें। अगर सभी लोग पौधारोपण करने लगे तो हमारे चारों तरफ स्वच्छ पर्यावरण होगा और हमारी उम्र भी बढ़ जाएंगी। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने का आह्वान करते हुए कपड़े की थैलियों के इस्तेमाल पर जोर दिया। नगर पालिका ने इस अवसर पर नागरिकों को कपड़े की थैलियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर चेयरपर्सन ताहिरा खलील, अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, सभासदगण बदर मुनीम, संजीवदत्त शर्मा उर्फ गोपाल, मो.शानू, कपिल पंवार, नगर पालिका स्टाफ से इकतेदार आलम जैदी, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, तेजपाल सिंह, मुनीर आलम, मौ. असलम, संदीप कुमार, नितिन सैनी, अहकाम अहमद, रोहित कुमार, शेख जमशेद, दिनेश कुमार, नरेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## भाकियू ने लगाए छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ओमेंद्र सिंह के नेतृत्व में नहटौर क्षेत्र में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के सहयोग से छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से नीम, जामुन और अमरूद के पौधे शामिल थे।

पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि एक जीवनशैली का हिस्सा

### पौधों के संरक्षण पर दिया जोर

बन जाना चाहिए। अगर हर नागरिक एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हम एक बेहतर वातावरण छोड़ सकते हैं। कार्यक्रम में विशम्बर सिंह, नेपाल सिंह, जयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, तुषार चौधरी, देवेंद्र सिंह, मूलचंद सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने यह संकल्प लिया कि वे सिर्फ पौधे नहीं लगाएंगे, बल्कि उनके संरक्षण का भी दायित्व निभाएंगे।

## ईद-उल-अजहा पर रखें सभी का ख्याल : आसिफ शान

### कुर्बानी की वीडियो ने करें वायरल

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मंडावर।** कल (आज) देशभर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मनाया जाएगा। यह मुस्लिम समुदाय का एक महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहार है, जिसमें पैगंबर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की परंपरा को याद करते हुए जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। यह पर्व त्याग, समर्पण और मानवता के मूल्यों का प्रतीक है।

इस पवित्र अवसर चेयरमैन आसिफ शान ने नगरवासियों से आग्रह किया कि त्योहार की परंपराओं का पालन करते हुए हम सभी सामाजिक जिम्मेदारियों और नागरिक कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करें।

हमारे नगर में विभिन्न धर्मों के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ रहते हैं। यह आवश्यक है कि कुर्बानी करते समय और उसके बाद हम सभी समुदायों की भावनाओं का पूरा सम्मान करें। सोशल मीडिया पर मीट या कुर्बानी से जुड़ी कोई भी फोटो या वीडियो पोस्ट न करें और न ही ऐसा कोई कंटेंट वायरल करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो।



कुर्बानी के बाद पशु अवशेषों को खुले में फेंकने से वातावरण में दुर्गंध फैल सकती है, जिससे नगर की स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है। अतः सभी से अनुरोध है कि कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को किसी सुरक्षित स्थान पर, गड्ढा खोदकर दबाएं और आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखें।

ईद का यह पर्व खुशी और सौहार्द का संदेश लेकर आता है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी कार्य, व्यवहार या प्रदर्शन ऐसा न हो जिससे सामाजिक सद्भावना को ठेस पहुंचे। सभी धर्मों का आदर करें और एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस त्योहार को मिल-जुलकर मनाएं।

## भाकियू का सहकारी समिति में प्रदर्शन

### सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने किसान सहकारी समिति के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया तथा समिति के एमडी व सहकारी बैंक प्रबंधक के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित एक ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कासमपुरगढ़ी बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड के अफजलगढ़ स्थित कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में एकत्र किसानों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी समिति के माध्यम से किसानों को तीन प्रतिशत दर से वितरित कर्ज पर नियम विरूद्ध सात प्रतिशत दर से ब्याज वसूली पर तत्काल रोक लगाने



की मांग कर रहे थे। आंदोलनकारी किसानों का कहना था कि 20 जून तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जनपद मुख्यालय पर बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा बताया कि किसान सेवा समिति कासमपुर गढ़ी के अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक में लगभग 5800 कृषक खाता धारक हैं, जिनसे 500 रूपए प्रति खाता धारक से अवैध वसूली की जाती है। जिसकी बैंक द्वारा कोई रसीद नहीं दी गई। इसके पश्चात किसानों से 3% के बजाय बढ़ाकर 7% ब्याज वसूला जा रहा है। सहकारी समिति के एमडी लोवेश कुमार और सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक दीक्षित शर्मा के माध्यम से एक तीन सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा।

इस अवसर पर भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारियों शैलेन्द्र चौहान, रमेश सिंह शेखावत मंडल महासचिव मुरादाबाद भाकियू, विजेंद्र सिंह, हरि सिंह, देवेंद्र कौशिक, वसीम गुर्जर, महबूब खान, मौहम्मद शाहिद, पूरन सिंह, मलखान सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, चरण सिंह, सरजीत सिंह, मौहम्मद अशरफ, मिल्खा सिंह आदि भारी संख्याओं भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थ्री व्हीलर पलटने से दो महिलाओं सहित तीन घायल

**नगीना।** सवारियों से भरे एक थ्री व्हीलर के अचानक पलट जाने के कारण दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी नगीना लाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

थ्री व्हीलर चालक उस्मान अहमद नगीना से सवारी भरकर धामपुर की ओर जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के मोड पर पहुंचने पर थ्री व्हीलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार राशिद (30 वर्ष) पुत्र तुफैल अहमद निवासी मझेड़ा शकरू, रिंकी देवी (26) वर्ष पत्नी नीरज कुमार निवासी ग्राम सैदखेड़ी व प्रियंका (26 वर्ष) पत्नी ह्रदेश सिंह निवासी ग्राम शादीपुर थाना नगीना देहात गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नगीना पहुंचाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया।

## भाजपाइयों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया।

विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी गजरौला पाइमार मंडल के अध्यक्ष वरुण अत्रेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आज आदर्श नगर शिव मंदिर पर एकत्र होकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए जिला मंत्री बलराज त्यागी एवं भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने आह्वान किया कि वे पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करें ताकि पौधों से मिलने वाली प्राण वायु आक्सीजन को हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को दे सकें।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता

### अधिक से अधिक पौधे लगाने का लिया संकल्प

पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आह्वान है कि हम सब अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर आदर्श नगर के शिव मंदिर परिसर में सांकेतिक पौधारोपण किया गया तथा सभी ने अपने-अपने प्रयास से अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, पिछड़ा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद विश्वकर्मा, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा डॉ. रितेश सेन, अमरेश कुमार, चौधरी ईशम सिंह, बलराज त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## शेरबाज पठान ने सुनी ई रिक्शा चालकों की समस्याएं

### यातायात नियमों का पालन जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बास्टा रोड स्थित मुगल गार्डन में ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही नाबालिग और विकलांगों के ई रिक्शा न चलाने की बात कही गई।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रवि नैन ने कहा कि परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य कर दिया गया है जिसके अनुपालन में अब ई रिक्शा चालकों को भी बिना रजिस्टर्ड ई रिक्शा सड़क पर दौड़ाने नहीं दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मेराजुल इस्लाम ने की जबकि संचालन



बिजनौर रिक्शा यूनियन महामंत्री नानक खेड़ा ने किया।

इस मौके पर बैठक मे मुख्य अतिथि ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक चेयरपर्सन पति कांग्रेस नेता शेरबाज पठान व ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रवि नैन, मो. हकम सिंह भी अपने ट्रैफिक पुलिस दल के साथ उपस्थित रहे। इस बैठक मे दर्जनों ई रिक्शा संचालकों ने अपनी परेशानियां ट्रैफिक पुलिस और चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान के समक्ष रखते हुए अपनी समस्याओं के समाधान करने का अनुरोध किया। शेरबाज पठान ने कहा कि हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करने से बहुत सारी दुर्घटनाएं होने से बच जाती हैं। उन्होंने गरीब, बेसहारा परिवारों का पालन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के प्रति नरम रवैया अपनाने का अनुरोध भी किया। बैठक में ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई रिक्शा चाल. कों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि अब शहर में या शहर के बाहरी मार्गों पर कोई नाबालिग, विकलांग ई रिक्शा नहीं चलाएगा। इसके अलावा ई रिक्शा में कोई भी चालक ज्यादा सवारी नहीं बैठाएगा।

ई रिक्शा संगठन के अध्यक्ष मेरा. जुल इस्लाम ने भी दो टूक रिक्शा चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी ई-रिक्शा चालक बिना नंबर प्लेट की ई-रिक्शा न चलाये, पकड़े जाने पर हमसे सिफारिश नहीं करे, नंबर प्लेट की ई रिक्शा खरीद कर चलाए। बैठक में दीपक गर्ग, मेराजुल इस्लाम, अर्जुन सिंह, रईस अहमद, सुरेंद्र सिंह, मोहम्मद इस्माइल, वरिष्ठ समाज सेवी मोहम्मद इलियास कुरैशी सहित दर्जनों ई रिक्शा संचालक मौजूद रहे।

## एक नजर

### राहगीरों को पिलाया शरबत



**अफजलगढ़।** भीषण गर्मी के चलते ग्राम भूतपुरी के युवाओं ने राहगीरों को शरबत रूह अफजा पिला कर पुण्य कमाया। श्रीमती रेनू चौहान के नेतृत्व में भूतपुरी के युवाओं परिक्षित चौहान, उमेश कुमार, विनोद कुमार, मोनू, रिंकू, चेतन कुमार आदि ने राष्ट्रीय राजमार्ग 734 लाइन स्थित रामगंगा पल के समीप छबील लगाकर दुपहिया वाहनों, टेंपो बस आदि यात्री वाहनों व राहगीरों को रोक-रोक कर भीषण गर्मी में शरबत पिलाया। इस अवसर पर श्रीमती रेनू चौहान ने बताया कि वह प्रतिवर्ष छबील लगाकर भीषण गर्मी में राहगीरों हो ठंडा व मीठा शरबत पिलाती है। इस काम को करने से उनके मन को असीम शांति मिलती है। वह इस काम को बिना किसी भेदभाव के करती हैं क्योंकि प्यासे को पानी पिलाना बड़े ही पुण्य का काम है।

### शोएब अली बने आसपा के ग्राम उपाध्यक्ष



**नजीबाबाद।** मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी सैयद शोएब अली को आजाद समाज पार्टी का ग्राम उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी ग्राम अध्यक्ष अहसान अंसारी उर्फ जानू ने दी है।

### अंजुमन हसूल ए अदब की ओर से नशिस्त



**नगीना।** अंजुमन हसूल ए अदब नगीना की ओर से तरहई व गैर तरहई नशिस्त का आयोजन नगर के मुहल्ला शाहजहीर स्थित जावेद अहमद के निवास स्थान पर किया गया। नशिस्त की सदारत उमरद्दीन सहर ने की जबकि निजामत मुहम्मद शाहिद नगीनवी ने की। नशिस्त के आगाज में मौलवी इकरार अहमद, साहिल मेवा नवादी ने बारगाहे रिसालत में नाते पाक का नजराना पेश किया। गजलियात के दौर में शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। देर रात तक चली इस नशिस्त में शायरों ने वाहवाही लूटी। अंजुमन ने इत्तेफाक राय से यह तय किया कि अंजुमन की ओर से तरहई नशिस्तों का सिलसिला 1998 से जारी था, जो अब मसरूफियात के पैशे नजर खत्म कर दिया गया।

### खेत में मिले फिशिंग कैट के शावक



**नहटौर।** गांव झारखंडी निवासी मोनू कुमार के गन्ने के खेत में चार शावक दिखाई दिए। ग्रामीण पहले चारों शावकों को गुलदार के शावक समझ बैठे। मौके पर कई ग्रामीण पहुंच गए। वन विभाग को सूचना दी गई। चारों शावको को फिशिंग कैट होने की पुष्टि की, जिस पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में गुलदार दिखाई देने से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इसी वजह से फिशिंग कैट के शावकों को ग्रामीण गुलदार के शावक समझ बैठे। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि चारों शावक फिशिंग कैट के है।

### वन कर्मियों ने किया पौधारोपण



**बढ़ापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बढ़ापुर वन रेंज परिसर में वन कर्मियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाए गए। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों द्वारा कई प्रकार के पौधे रोपित किए गए। वन कर्मियों द्वारा बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी होते है। पेड़ शुद्ध ऑक्सीजन देते है। पेड़ बाढ़ के पानी को रोकने में सहायक होते है और पेड़ों से फल, फूल व औषधियां प्राप्त होती है। इस दौरान वन दरोगा प्रकाश सिंह, अभिषेक कुमार, अमित बडोला, वनरक्षक सुरेंद्र सिंह, दीपचंद, पवन कुमार, ग्राम प्रधान मोहम्मद अख्तर व पर्यावरण प्रेमी अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कर्म के अनुसार ही मिलता है फल

**नहटौर।** मौहल्ला छापेग्रान मे आयोजित शिव मंदिर प्रबंध समिति के तत्वाधान में श्री भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में ईर्ष्या, छल, कपट व द्वेष की भावना नहीं रखनी चाहिए यह भावना विनाश का कारण होती है मनुष्य को अपने जीवन में कभी किसी का बुरा नहीं सोचना चाहिए। हमेशा जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए, किसी की मदद करने से हमेशा अच्छा फल मिलता है। उन्होंने बताया मनुष्य को जीवन को सार्थक बनाने में हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए। दूसरे दिन कथा की पूजा सुनील सैनी पत्नी उषा देवी ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर राजेश्वरी, सुनील सैनी, सभासद सरवन सैनी, उदय राज प्रधान, चंद्रसेन, दीपक, अर्जुन, डॉ. सौरभ, ममता देवी, पूजा देवी, सरिता देवी, कविता देवी, जयमाला आदि महिला पुरुष कथा में शामिल है। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

# मिलक में नहाल नदी के किनारे विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर तहसील मिलक के ग्राम नवदिया पर नहाल नदी के किनारे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। नहाल नदी जिसकी लम्बाई लगभग 51 किलोमीटर से अधिक थी, जिस पर अनेक व्यक्तियों द्वारा वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा था। लेखपाल, तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी द्वारा आपसी सामंजस्य से कब्जा मुक्त कराया गया और खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अपनी टीम के साथ मनरेगा से इसकी खुदाई का कार्य सकुशल सम्पन्न कराया। यह नहाल नदी जनपद रामपुर के 29 ग्रामों से होकर गुजरती है। इन ग्रामवासियों को इस नदी के जीर्णोद्धार होने से सिंचाई की सुविधा के साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

नदी के जीर्णोद्धार का कार्य माह फरवरी 2025 में प्रारम्भ हुआ था और माह मई 2025 में पूर्ण हुआ है। इसी प्रकार तहसील शाहबाद में भी आरिल नदी के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है, जिसे जल्द ही पूर्ण कराया जायेगा। इस नदी के जीर्णोद्धार होने से किसानों को सिंचाई की बेहतरीन सुविधा मिलेगी।

# ईद को लेकर सीओ ने चौकीदारों के साथ की बैठक, दिए निर्देश



**विशाल जोशी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली में आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को लेकर चौकीदारों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को चुना गया। इस बीच उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

शुक्रवार को कोतवाली परिसर में सीओ हर्षिता सिंह ने सभी चौकीदारों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना। इस बीच आने वाले त्योहार ईद उल अजहा को देखते हुए उन्हें निर्देशित किया कि गांव में किसी भी प्रकार की कोई भी अफवाह आदि फैलती है तो उसकी तुरंत पुलिस को सूचना दें।

इसके साथ ही आपराधिक मामलों की जानकारी भी पुलिस को दी जाए। कहीं ऐसी स्थिति हो जहां विवाद जैसी स्थिति त्योहार पर बने, लिहाजा उसको लेकर निर्देशित किया गया कि तुरंत थाने में सूचना दें ताकि समय पर उसे पर कार्यवाही करके उसे घटना को रोका जा सके।

इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी,उपनिरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार सहित भारी तादाद में चौकीदार आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** खेत के लिए साइकिल से डीजल लेने जा रहे किसान की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपला शिवनगर निवासी बृजलाल पुत्र लालमन उम्र लगभग 55 वर्ष साइकिल से डीजल लेने के लिए मिलक पेट्रोल पंप पर गए थे पेट्रोल पंप से डीजल लेकर साइकिल से खेत पर जा रहे थे जैसे ही बृजलाल साइकिल लेकर रोड पर पहुंचे तेज गति से आ रहे है किसी अज्ञात वाहन ने बृजलाल की साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें बृजलाल गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से बृजलाल को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए डॉक्टर ने बृजलाल को मृत घोषित कर दिया यह सूचना सुन परिजन रोने चिल्लाने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक बृजलाल के एक बेटी बेटा है मृतक बृजलाल के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# त्योहारों के मद्देनजर जिलेभर में हुआ प्रशासन का स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में स्थानीय निकायों द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने ईद उल अजहा (बकरीद) तथा स्थानीय निकाय क्षेत्रों में नालों की सफाई के साथ-साथ योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी अधिशासी अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईद उल अजहा के दृष्टिगत स्थानीय निकायों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा निकायों में कंट्रोल रूम की व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए। ईदगाह एवं मस्जिदों के आसपास साफ सफाई, एंटी लारवा, फॉगिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो जाएं।

उन्होंने कहा कि निकायों द्वारा लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं उसके स्थान पर कपड़े अथवा जूट के थैले का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाए। इसके साथ ही निरंतर अभियान चला कर लोगों को साफ सफाई एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि योग दिवस के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए तथा सभी निकायों द्वारा अपने क्षेत्र में योग दिवस पर योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग शिविरों का भी आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान स्थानीय निकायों में जल भराव की समस्या नहीं होनी चाहिए इसके लिए नालों की साफ सफाई में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। जहां साफ सफाई का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है वहां प्रत्येक दशा में 10 जून 2025 तक पूर्ण करा लिया जाए। अपने स्थलीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सचिव रामपुर शहर में ज्वाला नगर स्थित प्रधानमंत्री स्वनिधि गलियारा पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता वाले पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को समायोजित करने की पहल का जायजा लिया।

इसके बाद विशेष सचिव नगर पंचायत शाहबाद पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कराए गए नालों की सफाई कार्य का जायजा लिया।

## एक नजर

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को शाहबाद रिश्तेदारी में घूमने आ रहे पिता पुत्र को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर। जिला संभल के ग्राम अल्लापुर निवासी दीपक अपने 5 वर्षीय पुत्र दिव्यांश के साथ शाहबाद थाना क्षेत्र के किसी गांव की रिश्तेदारी में आ रहा था शाहाबाद थाना क्षेत्र के करेथी गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने दीपक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पुत्र दिव्यांश गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया। पैर में फैक्चर होने की वजह से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

## नहाल नदी के घाट पर गंगा दशहरा पर महाआरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर क्योरार स्थित पुर्नजीवित करायी गयी नहाल नदी के किनारे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए माँ गंगा मैया की आरती का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को नदी के किनारे एक घाट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान एवं उप जिलाधिकारी को नहाल नदी को कब्जा मुक्त रखने हेतु निर्देशित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने एसडीएम और तहसीलदार को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने अपने सहयोगियों के साथ तहसील शाहबाद में पहुंचकर हिमांशु उपाध्याय उपजिलाधिकारी और राकेश चन्द्रा तहसीलदार शाहबाद को शॉल ओढ़ाकर तथा रामचरित मानस भेंट कर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि वर्तमान समय में तहसील शाहबाद में दोनों ही अधिकारी जनहित में बहुत ही बढ़िया कार्य कर रहे हैं। बीते दिनों ग्राम पटवाई में तालाब की भूमि पर एक मदरसा और एक बड़ा गेट बना हुआ था जिसको हमारी शिकायत पर ध्वस्त किया गया है। अभी कई मकान ध्वस्त होने शेष हैं वह भी अति शीघ्र ध्वस्त किए जाएंगे। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि में चौदह दुकानें बनी हुई थीं वह भी ध्वस्त की गई हैं। तहसील प्रशासन शाहबाद द्वारा निरंतर जनहित में कार्य किए जा रहे हैं जो कि प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं। ऐसे कार्य होने पर अधिकारियों को सम्मानित किया जाना भी आवश्यक होता है। इस मौके पर विशाल दुबे, देवेन्द्र गंगवार, अनमोल पाठक आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल की मासिक बैठक हुई आहूत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के मेन कार्यालय पर व्यापार मंडल की मासिक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी तथा व्यापारी गण मौजूद रहे। नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों से बातचीत करते हुए कहा हमारे स्वार के सरकारी अस्पताल में सर्जन डॉक्टर की कमी है उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वार बहुत समय से सर्जन डॉक्टर के लिए मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक सर्जन डॉक्टर की कमी पूरी नहीं हुई है जिसके कारण हमारी आम जनता बाहर प्राइवेट अस्पतालों में पथरी और हर्निया का औपरेशन कराने को मजबूर है। अगर हमारे सरकारी अस्पताल में सर्जन डॉक्टर की तैनाती हो जाती है तो हमारी गरीब जनता सरकारी अस्पताल में अपना ऑपरेशन करा कर अपने पैसों की बचत कर सकते हैं और आने वाली परेशानियों से बच सकते हैं कुछ लोग जिनके पास पैसे नहीं होते हैं वह भी मजबूरी को कर्ज लेकर ऑपरेशन कराते हैं। तो यह सब परेशानी दूर हो जाएंगी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वार सी एम ओ महोदय रामपुर से निवेदन करता है की सरकारी अस्पताल में जल्द से जल्द सर्जन डॉक्टर की तैनाती की जाए जिससे गरीब जनता को अच्छा इलाज मिल सके अजीज मियां को व्यापार मंडल में प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया और इन्हीं के साथ कई सारे नए पदाधिकारीयों को भी सदस्यता कराई गई इन सभी को फूल मालायें पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री शिव ओतार सक्सेना उर्फ मन्नू भैया,उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,गुड्डू हाफिज जी,अली रेहान अली, मुशर्रफ अली, अजीज मियां, मतलूब, फराज अहमद, समीर, रईस, शकील सलमानी, अब्दुल रशीद, आसिफ,रफीक, राशिद, कफील वेल्डिंग वाले, इब्ने हसन, नासिर, सरफराज, इरफान अली, सलमान अली, नबी हसन, इरफान अली, शाकिर अली आदि मौजूद रहे।

## निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया शरबत



**( विशाल जोशी शाह टाइम्स संवाददाता )**

**शाहबाद/रामपुर।** वर्ष की सबसे बड़ी एकादशी निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को आंवला रोड स्थित श्री श्याम ट्रेडर्स पर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के संगठन मंत्री विनोद गुप्ता के पिता कमलेश गुप्ता के साथ पंडित उमाकांत शर्मा जी के द्वारा आयोजन किया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम दोपहर में शुरू हुआ। कार्यक्रम में सबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण के दौरान मरीजों एवं एंबुलेंस चालकों ने ठंडा शरबत पिया। उधर मनोना धाम से आने जाने वाले श्रद्धालुओ की सेवा करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में पत्रकार एसोसिएशन रजि के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, प्रवक्ता अखिलेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, सचिव शावेज छोटे, राजीव सक्सेना उर्फ राजू , कृष्ण राजपूत, शुभम अग्रवाल, शिवांश, कृष्णा, कान्हा वैश्य, अनायरा वैश्य, अरविंद जोगिंदर राजपूत, अनुज आदि शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक घायल

**( विशाल जोशी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को शाहबाद रिश्तेदारी में घूमने आ रहे पिता पुत्र को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर।

जिला संभल के ग्राम अल्लापुर निवासी दीपक अपने 5 वर्षीय पुत्र दिव्यांश के साथ शाहबाद थाना क्षेत्र के किसी गांव की रिश्तेदारी में आ रहा था शाहाबाद थाना क्षेत्र के करेथी गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने दीपक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पुत्र दिव्यांश गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया। पैर में फैक्चर होने की वजह से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

## कार्रवाई: वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**( विशाल जोशी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र के चंदपुरा सलिस गांव में छापेमारी कर एक मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस अधिकारी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी चंदपुरा सालिस गांव निवासी मनोज है। उसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार,कांस्टेबल मोहम्मद उवैस आदि मौजूद रहे।

# भगदड़ मामले में बढ़ेगी आरसीबी की मुश्किल

## ● विजय यात्रा के लिए फैंस को दिया न्योता, न्योते में फ्री पास का भी जिक्र

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फ्रेंचाइजी का एक सोशल मीडिया पोस्ट उनके लिए मुसीबत बन सकता है, जिसमें आरसीबी ने प्रशंसकों को विजय यात्रा के लिए न्योता दिया था और फ्री पास का भी जिक्र किया था। आरसीबी के खिलाफ पहले ही कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसमें डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 की खिताबी जीत का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पहुंचे प्रशंसकों के बीच भगदड़ मच गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। अब सोशल मीडिया पर आरसीबी का वह पोस्ट चर्चा का विषय बन गया है जिसमें फ्रेंचाइजी की तरफ से प्रशंसकों को विजय यात्रा में शामिल होने के लिए न्योता दिया गया था। चार जून यानी बुधवार को आरसीबी ने 'एक्स' पर विक्ट्री परेड या विजय यात्रा के आयोजन का एलान किया था। इस पोस्ट में लिखा है कि आरसीबी विजय परेड, आज शाम 5 बजे। विजय परेड के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न मनाया जाएगा। हम सभी प्रशंसकों से अनुरोध करते हैं कि वे पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक रोड शो का आनंद ले सकें। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस घटना पर आईपीएल 2025 की विजेता आरसीबी ने बुधवार को दुख जताया था और पोस्ट जारी किया था। फ्रेंचइजी ने लिखा कि हम मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से बहुत दुखी हैं, जिसमें टीम के आज दोपहर आगमन की प्रत्याशा में पूरे बेंगलुरु में लोगों की भीड़ जुटने की बात कही गई है। सभी की सुरक्षा और भलाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। आरसीबी लोगों की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करती है और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है।

## वर्ल्डकप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए: गौतम गंभीर

### ऐसे आयोजन में हादसों का खतरा, लोगों की जान सबसे ज्यादा कीमती है



**मुंबई, वार्ता।** टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि वर्ल्ड कप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए। ऐसे आयोजन में हादसों का खतरा है क्योंकि लोगों की जान सबसे ज्यादा कीमती है। मैं 2007 वर्ल्ड कप जीत के बाद भी नहीं चाहता था कि रोड शो हो। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले गुरुवार को मुंबई में हुई प्रेस कान्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि बेंगलुरु में रोड शो के दौरान हुए हादसे ने दुखी किया। मैं घटना के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराता। इस तरह के माहौल में लापरवाही और हादसों की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए इनसे बचना चाहिए। बुधवार को बेंगलुरु में आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।



# टीम इंडिया इंग्लैंड के लिए रवाना

### ■ दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी 20 जून से पहला मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी। टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। नई ट्रॉफी की घोषणा इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है।



## भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज सचिन एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा। इसके लिए भारतीय टीम रवाना हो चुकी है। इससे पहले पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के नाम में बदलाव किया गया है। इसको अब तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। एक समाचार एजेंसी ने ने बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज से पहले किया जाएगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इससे पहले ब्रिटेन में इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 15,921 रन के साथ टेस्ट इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 52 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी ने 1989 से 2013 के बीच 200 टेस्ट खेले। उन्होंने टेस्ट और वनडे प्रारूपों में अनगिनत रिकार्ड अपने नाम किए। वहीं, एंडरसन 704 विकेट के साथ इंग्लैंड के सर्वकालिक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के साथ टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज हैं। दोनों दिग्गजों ने 14 टेस्ट मैचों में एक-दूसरे का सामना किया जिसमें एंडरसन ने तेंदुलकर को नौ बार आउट किया है। यह किसी गेंदबाज द्वारा इस भारतीय को सबसे ज्यादा बार आउट करने का रिकार्ड है। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लार्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चैथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी। पांच मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश, जडेजा, ध्रुव (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल, बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसि) कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप और कुलदीप । पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

### ● आईपीएल में उम्दा खेले भारत के टी-20 वर्ल्ड चैंपियन

## सूर्या प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तो अर्शदीप टॉप विकेट टेकर

### ■ विराट कोहली ने 8 फिफ्टी लगाई, रोहित मुंबई से इम्पैक्ट प्लेयर बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** 73 दिन चले आईपीएल में 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले सभी 15 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। वर्ल्ड चैंपियन टीम के बैटर्स में सूर्यकुमार यादव टॉप स्कोरर रहे, वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। आरसीबी के विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 8 फिफ्टी लगाईं। वहीं लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा विकेट लिए। हार्दिक पांड्या बेस्ट आलराउंडर रहे।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस से इम्पैक्ट प्लेयर बनकर खेले। उन्होंने 15 मुकाबलों में बैटिंग की और 149.28 के स्ट्राइक रेट से 4 फिफ्टी लगाईं। रोहित शुरुआती मैचों में कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन बाद के मुकाबलों में अपनी बैटिंग से मुंबई को मुकाबले जिताए। उन्होंने एलिमिनेटर में 81 रन बनाकर टीम को क्वालिफायर-2 तक पहुंचाया था। ओपनर विराट कोहली लगातार 18वें सीजन आरसीबी से खेले। उन्होंने 8 फिफ्टी लगाकर 657 रन बनाए। कोहली की खास बात यह रही कि उन्होंने टूर्नामेंट में जब भी फिफ्टी लगाई, आरसीबी को जीत मिली। विराट ने फाइनल में भी 43 रन की अहम पारी खेली और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की नींव रखी। कोहली ने आईपीएल के लगातार तीसरे सीजन में 600 प्लस रन बनाए। लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत के लिए टूर्नामेंट कुछ खास नहीं रहा। उनकी कप्तानी में टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। वे खुद भी बैटिंग में फ्लाप रहे। पंत ने शुरुआती 13 मैचों में महज 1 फिफ्टी लगाकर 149 रन बनाए। हालांकि, आखिरी मैच में बेंगलुरु के खिलाफ 118 रन की पारी खेल दी। इसके बावजूद उनकी टीम हार गई। मुंबई इंडियंस के मिडिल आर्डर बैटर सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में 16 मैच खेले और हर मुकाबले में 25 से ज्यादा रन बनाए। यह आईपीएल और टी-20 क्रिकेट में रिकॉर्ड है। सूर्या ने 5 फिफ्टी और 167.91 के स्ट्राइक रेट की मदद से 717 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। वे इस अवार्ड का जीतने वाले 5वें ही भारतीय बने। आलराउंडर शिवम दुबे चेन्नई सुपर किंग्स से खेले। वर्ल्ड कप में उन्होंने अहम मौकों पर कई उपयोगी पारियां खेली थीं, लेकिन आईपीएल में वे 1 ही फिफ्टी लगा सके। वे हार्ड हिटिंग के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन 132.22 के स्ट्राइक रेट से 357 रन ही बना पाए। उनकी टीम भी 10वें नंबर पर रहीं। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या वर्ल्ड चैंपियन टीम से बेस्ट आलराउंडर साबित हुए। उन्होंने 15 मुकाबलों में फिनिशर की पोजिशन संभाली और 163 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 224 रन बना दिए। इतना ही नहीं, उन्होंने गेंदबाजी में 14 विकेट भी लिए। इनमें एक बार पारी में 5 विकेट शामिल है। उन्होंने अपनी कप्तानी में मुंबई को लगातार 6 मुकाबले जिताकर प्लेऑफ में पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने बेहतरीन लीडरशिप से अपनी टीम को 5वें नंबर पर फिनिश करवाया। वे इंजरी के कारण 2 मैच नहीं खेल सके, जिस कारण टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। अक्षर ने 157 प्लस के स्ट्राइक रेट से 263 रन भी बनाए, लेकिन गेंदबाजी में वे 5 ही विकेट ले सके। रवींद्र जडेजा को चेन्नई सुपर किंग्स से कुछ मैचों में नंबर-4 पर बैटिंग करने का मौका मिला।

इनमें उन्होंने 301 रन बना दिए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 135 तक ही पहुंचा। जडेजा लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं, लेकिन 14 मुकाबलों में 10 विकेट ही ले सके हैं। दिल्ली कैपिटल्स से खेले चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने 14 मैचों में महज 7.07 की इकोनामी से रन खर्च किए।

## पीयूष चावला ने क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली, वार्ता।** करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए। पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली, वार्ता।** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84-67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88-74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90-23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था। नीरज ने टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन में दूसरे स्थान पर रहने के लिए अपने अंतिम प्रयास में 84-14 मीटर भाला फेंक कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण स्पर्धा जीतकर अपने 2025 एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 84-52 मीटर थ्रो किया था। वह 24 जून को चेकिया में होने वाली गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स स्पर्धा की प्रवेश सूची में भी शामिल हैं और पांच जुलाई को बेंगलुरु में उद्घाटन में नीरज क्लासिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। डायमंड लीग सीरीज के अंत में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष भाला फेंक एथलीट 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले 2025 डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### यू मुंबा और जयपुर गोवा व कोलकाता के बीच होगी सेमीफाइनल की जंग

**अहमदाबाद, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स के पहले सत्र के नॉकआउट चरण सेमीफाइनल में यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में रविवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेलें जायेंगे। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स ने ड्री यूटीटी जूनियर्स के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

यू मुंबा टीटी के प्रतीक तुलसानी और अनन्या मुरलीधर ने लीग चरण में 29 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। चौथे स्थान पर रहने वाली जयपुर पैट्रियट्स का सामना यू मुंबा से होगा। जयपुर पैट्रियट्स के त्रिशाल सुरपुरेढी और श्रेया धर ने 25 अंकों के साथ अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित किया। दूसरे सेमीफाइनल में डेम्पो गोवा चैलेंजर्स के साहिल रावत और आर्या रेडकर, जो 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर रहने वाली कोलकाता थंडरब्लेड्स से भिड़ेंगे। ऋत्विक गुप्ता और स्वरा करमारकर ने थंडरब्लेड्स के लिए 26 अंक अर्जित किए।

## वर्ल्ड नंबर- 1 आर्यना सबालेंका पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची



### ● डिफेंडिंग चैंपियन स्वियातेक को हराकर किया बाहर, खिताबी मुकाबले में कोको गॉफ से भिड़ेंगी

**पेरिस, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने गुरुवार को खेले गए विमेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7.6(1), 4.6, 6.0 हराया। सबालेंका पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। वहीं, उनका कुल छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। फाइनल में सबालेंका का सामना वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिकी खिलाड़ी कोको गाफ से होगा। ये दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी विमेंस ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। गौफ ने बाइसन को हराया कोको गौफ ने फ्रेंच वाइल्ड कार्ड लोइस बाइसन को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। गौफ भी पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। 21 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ै ओपन (2023) के बाद से दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगी। सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में झेंग को हराया था सबालेंका ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पेरिस ओलिंपिक चैंपियन किनवेन झेंग को 7-6(3), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थीं। चार बार की फ्रेंच ओपन विजेता इगा स्वियातेक ने यूक्रेन की एलीना को 6-1, 7-5 से हराया था। मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल आज मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले आज रात में खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज का सामना इटली के लोरेंजो से होगा।

## वेई यी को हराकर नॉर्वे शतरंज के अंतिम दौर में डी गुकेश

### ■ तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश ने जीतकर गेम में पूरे अंक लिए

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर के मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश डी ने चीन के वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के खिताबी दौर में जगह बना ली है। नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर में भारत के गुकेश डी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के नंबर वन वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के अंतिम दौर में प्रवेश कर लिया है।

गुकेश ने वेई यी की एक महत्वपूर्ण शुरुआती गलती का फायदा उठाकर बढ़त हासिल की। तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश डी ने मुकाबले को जीतकर गेम में पूरे अंक हासिल किये। गुकेश 14-5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि कार्लसन उनसे आधा अंक आगे है। वहीं एक अन्य मैच में दुनिया के नंबर वन मैग्नस कार्लसन और अमेरिका के फैबियानो कारुआना का मुकाबला हुआ। मुकाबले में एक समय ऐसा लगा रहा था कि कार्लसन हार जायेंगे, लेकिन उन्होंने हराने की स्थिति से वापसी करते हुए कारुआना को हराकर पूरे अंक हासिल किये। हिकारू नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी के बीच का खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। हिकारू नाकामुरा ने आर्मगेडन गेम में जीत हासिल की और महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक प्राप्त किये। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा।




### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को रॉब वाल्टर को राष्ट्रीय पुरुष टीम के तीनों प्रारूपों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है।

जून के मध्य से कार्यभार ग्रहण करने वाले वाल्टर को गैरी स्टीड के जाने के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जुलाई में उनके साथ टीम जिम्बाब्वे दौरे पर जायेगी। उनका अनुबंध 2028 के आखिर में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप तक चलेगा। वाल्टर इस वर्ष अप्रैल तक दक्षिण अफीका की सफेद टीमों की देखरेख कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, जहां वे बारबाडोस में भारत से हार के बाद उपविजेता रहे। उन्होंने लगातार आठ मैचों की जीत दर्ज की।

# बारूद के ढेर पर दुनिया

निसंदेह इस समय दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, तो वहीं इजरायल और हमास संघर्ष भी अब दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है। लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। युद्ध को रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम होती दिखाई दे रही हैं। सच्चाई यही है कि युद्ध को रोकने लिए कोई गंभीर प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी ताकतें युद्ध को रोकने के लिए कितनी गंभीर हैं, यह बुधवार को हुए सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर लाए गए प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के वीटो से पता चल जाता है। इस प्रस्ताव का 14 सदस्यों ने समर्थन किया था। एक अमेरिकी ही था जिसने इस प्रस्ताव का न सिर्फ विरोध किया बल्कि अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल किया। इस प्रस्ताव को दस गैर स्थायी सदस्यों ने पेश किया था जिसमें पाक भी शामिल है और जो अमेरिका ने कारण बताया वह भी हास्यास्पद ही कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने इस पूरी प्रक्रिया पर कहा कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रस्ताव को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अमेरिका और डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया और कहा कि दुनिया को दिखा दिया गया कि अमेरिका व इजरायल के बीच में कोई फर्क नहीं है और यह हमास के आतंकवादियों को नष्ट करने का एकमात्र तरीका है। जाहिर है जब बड़ी ताकतों का यह रवैया रहेगा, तो फिर युद्ध किस तरह रुकेंगे और जो लोगों के जानमाल की तबाही हो रही है उस पर कोई रोक नहीं लगेगी। इन दोनों युद्ध ने यह भी बता दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतों को किसी की तबाही व मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह हर हाल में युद्ध को हवा देना चाहते हैं, जिससे हथियारों का कारोबार फल-फूल सके। मतलब वह आपदा में पूरा अवसर देख रहे हैं और हथियार लॉबी मोटा मुनाफा कमा रही है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे में अगर भारत पाक के बीच छोटे स्तर पर सैन्य संघर्ष अगर बड़ा रूप ले लेता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी। इस संघर्ष में भारत ने जहां पाक को पूरी तरह सबक सिखाया, वहीं युद्ध को फैलने से भी रोका। जैसाकि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा भी कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह आतंकवाद को भी नहीं सहेगा। भारत ने दोनों काम किए। पाक को उसकी औकात बताई और अपनी कूटनीति के जरिये युद्ध को व्यापक स्तर पर फैलने भी नहीं दिया, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सबकुछ पाक पर निर्भर है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका गया, यदि पाक किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत फिर से कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

## मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है



एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच, ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है, संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं,यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है, हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता, मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है, मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं ट्रम्प ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया, मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है।

**-राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती






**योगेश कुमार गोयल**

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है।प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौनसे खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा? संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसम्बर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन विषय के साथ, 2022 में सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य, 2023 में खाद्य मानक जीवन बचाते हैं और 2024 में खाद्य सुरक्षा-अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें विषय के साथ मनाया गया था। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षारू क्रियाशील विज्ञान। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि खाद्य सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए तैयार रहने के लिए नीति निर्माताओं, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, किसानों और खाद्य व्यवसाय संचालकों के समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है और उपभोक्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ है खाद्य पदार्थों में सुरक्षित, स्वीकार्य स्तर के खतरों का अभाव, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खाद्य सुरक्षा हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है तथा सुरक्षित भोजन का सेवन अच्छे स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण गारंटी है। हमारे शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे अहम होता है लेकिन लोगों की खानपान की बदलती आदतों और जरूरतों को देखते हुए अब बहुत सारी चीजों को बनाने और उगाने का तरीका भी बदल चुका है, जिनमें अब तरह-तरह के रसायन भी मिलाए जा रहे हैं। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है, साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। असुरक्षित खाद्य पदार्थ विभिन्न बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य खराब स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान करते हैं, जिसमें बिगड़ा हुआ विकास, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रामक अथवा गैर-संक्रामक रोग और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। वैसे खाद्य जनित खतरे रासायनिक अथवा भौतिक प्रकृति के हो सकते हैं और प्रायः साधारण आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल हमारे भोजन को उगाने, संसाधित करने, संग्रहीत करने, वितरित करने और तैयार करने के लिए कई लोग मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में कई ऐसे चरण होते हैं, जहां हमारा भोजन असुरक्षित हो सकता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही रहा कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा भोजन खाने के लिए सुरक्षित है। इसीलिए जब खेत में भोजन उगाया जाता है, तब से लेकर जब तक यह हमारी थाली तक पहुंचता है, हमें पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि दूषित भोजन के सेवन से खाद्य जनित बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं, लेकिन चूंकि भोजन को हम तक पहुंचाने में कई लोग शामिल होते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हमेशा इतना आसान नहीं होता। इसीलिए डब्ल्यूएचओ, एफएओ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जैसे संगठन हमारे भोजन को सुरक्षित रखने के लिए कुछ नियम बनाते हैं। बहरहाल, विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस न केवल अच्छे और स्वच्छ भोजन की आदतों की वकालत करता है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने और उन्हें खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें भोजन को हम तक पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भोजन। दुनियाभर में जितने ज्यादा से ज्यादा लोग खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक होंगे, तभी हम अपने भोजन को सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कदम उठा सकेंगे और खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचान और समझ सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मिसाइल डिफेंस रडार से बंद होंगी पाक की गीदड़ भभकियां

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा।**




**अक्षत श्रोत्री**

भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने वाले एक बड़े विकास में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो दुश्मन की परमाणु मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली विकसित की है। ऐसे में ना सिर्फ पाकिस्तान की बलैकमेलिंग बंद होगी बल्कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बनने की और अग्रसर होगा। यह नई तकनीक मिसाइलों को जमीन पर पहुंचने से पहले ही बेअसर कर देगी, चाहे वे बाहर हों या वायुमंडल के भीतर। अगर किसी परमाणु मिसाइल को समय रहते रोक दिया जाए, तो इससे विकिरण या परमाणु विस्फोट का खतरा खत्म हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा। बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र है जिसमें दो मुख्य घटक होते हैं। पहला स्तर पृथ्वी एयर डिफेंस PAD है। यह मिसाइल 50-80 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। दूसरा उन्नत वायु रक्षा AAD है। यह मिसाइल 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को रोककर नष्ट कर सकती है। उन्नत रक्षा क्षमता: बीएमडी प्रणाली भारत की रक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है। निवारण- यह दुश्मन को हमला करने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा- बीएमडी प्रणाली देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बढ़ाती है। लक्ष्य का पता लगाना- रडार और अन्य सेंसर दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का पता लगाते हैं। लक्ष्य ट्रैकिंग और जानकारी- मिशन कंट्रोल सेंटर लक्ष्य की जानकारी प्राप्त करता है और इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार होता है। इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च-इंटरसेप्टर मिसाइल को लक्ष्य की ओर लॉन्च किया जाता है। लक्ष्य विनाश- इंटरसेप्टर मिसाइल आने वाले खतरे को बेअसर कर देती है। देश की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इंटरसेप्टर मिसाइल AD-1, 3,000 से 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलों को उनके टर्मिनल चरण (अंतिम चरण) में भी नष्ट करने में सक्षम है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही है, तो AD-1 उसे वायुमंडल में ही बेअसर कर सकता है -इससे पहले कि वह जमीन को छू सके।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नए चेहरे



**ललित गर्ग**

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बंटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नए संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नए किरदार में नजर आए हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल



रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं, लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं, क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था-मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा-जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं यह सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं। उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ए अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि कृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परमाणु हमला अब नामुमकिन, भारत की मिसाइल ढाल तैयार

**दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करेगा बीएमडी सिस्टम, स्वदेशी तकनीक का कमाल**

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा ताकत अब और भी मजबूत हो गई है। डीआरडीओने अब ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे दुश्मन की न्यूक्लियर मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया जा सकता है।

डिफेंस सूत्रों के मुताबिक भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली तैयार की है। यह तकनीक मिसाइलों को धरती तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर सकती है चाहे वो वायुमंडल के बाहर हों या अंदर। अगर न्यूक्लियर मिसाइल को पहले ही मार गिराया जाए तो उससे रेडिएशन या परमाणु धमाके का खतरा नहीं रहता। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने बनाए हथियारों और तकनीक की ताकत दिखाई। इस ऑपरेशन में भारत ने अपने ही बनाए मिसाइल सिस्टम, रडार, और ड्रोन-विरोधी हथियारों का इस्तेमाल किया और दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन अटैक को विफल कर दिया। भारत कई मौकों पर कह चुका है कि वह अब पाकिस्तान के परमाणु हमले की धमकी के ब्लैकमेल को तवज्जो नहीं देगा क्योंकि डीआरडीओने इस तरह के हमलों से निपटने की व्यवस्था कर दी है।

